




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 06, अंक 165 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024 www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### झबरेड़ा में दो कारों की टक्कर में दो लोगों की मौत

**रुड़की।** लखनोता चौकी क्षेत्र के गांव गोकुलपुर के पास दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई टक्कर होने पर एक कार में सवार राहुल 28 वर्षीय निवासी सिमलाना थाना बडगांव सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दूसरी कर में सवार जनेश्वर 60 वर्षीय निवासी मोहनपुरा मोहम्मदपुर रुड़की की मौके पर ही मौत हो गई। जनेश्वर के साथ कार में सवार दीपक निवासी ग्राम लहबोली, अंकित निवासी, अतुल निवासी थाना लक्सर और अंकित निवासी कनखल हरिद्वार गंभीर रूप से घायल हो गए। लखनौता चौकी इंचार्ज नीरज रावत ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भेज दिया गया और सूचना परिजनों को दी गई है।

### खदान में डूबने से दो नाबालिग भाइयों की मौत हुई

**श्योपुर।** ओछापुर की खदान में दो नाबालिग की डूबने से मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई थे। 12 साल का बच्चा खदान के पास खड़ा था, उसका पैर फिसला और पानी में जा गिरा। ये देख 17 साल का उसका भाई बचाने के लिए पानी में कूद गया। ओछापुरा में मो रोड के पास अवैध पत्थर खदान है। ओछापुरा थाना प्रभारी जय सिंह रघुवंशी ने बताया, बुधवार सुबह करीब 9 बजे धर्मेंद्र (12) और रामवतार माली (17) रिश्तेदार के साथ बकरियां चराने खदान के पास गए थे। जब बकरियों को पानी पिलाने लगे तो धर्मेंद्र का पैर फिसला और वह डूबने लगा। भाई को डूबता देखकर रामावतार भी खदान में कूद गया। दोनों को ही तैरना नहीं आता था। जब तक लोग वहां पहुंचे दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। ओछापुरा की जिस पत्थर खदान में दो बच्चे डूबे हैं, वह सालों से अवैध रूप से संचालित की जा रही है। खनन से यहां बड़ा गड्ढा बन गया है, जिसमें बारिश का पानी भरा है। खदान के चारों तरफ सुरक्षा के लिए फेंसिंग भी नहीं की गई है। परिजन प्रभुलाल का कहना है कि बच्चे घर से बकरी चराने के लिए गए निकले थे।

छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला : ऑपरेशन से लौट रहे थे जवान, सीएम साय बोले- माओवाद के खात्मे तक जारी रहेगी लड़ाई

# आईईडी ब्लास्ट, एसटीएफ के दो जवान शहीद, चार घायल

बीजापुर/ संवाददाता

बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट हुआ है। इसमें दो जवान बलिदान हो गए हैं। जबकि चार जवान घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। खराब मौसम के कारण परेशानी आ रही है। जानकारी के अनुसार, जिले के तर्रेम थाना इलाके के मंडिमरका के जंगल में सर्चिंग से लौट रहे जवानों के ऊपर नक्सलियों ने घात लगाकर पाइप बम के माध्यम से आईईडी ब्लास्ट किया, इस घटना में जहां दो जवान शहीद हो गए, वहीं चार घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ कोबरा, सीएएफ डीआरजी और एसटीएफ के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले हुए थे, बुधवार को जवान वापस लौट रहे थे कि नक्सलियों द्वारा लगाए गए पाइप बम को बीती रात तर्रेम थाना इलाके के मंडिमरका के जंगलों में ब्लास्ट कर दिया। घटना में एसटीएफ के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू और आरक्षक सतेर सिंह का बलिदान हो गया। जबकि पुरषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार घायल हो गए, घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया है, यहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें रायपुर ले जाने की तैयारी की जा रही है, लेकिन खराब मौसम के चलते हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर पा रहा है, फ्लिहाल घटना के बाद से इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। घटना पर अभी तक किसी बड़े अधिकारी



का बयान नहीं आया है। घायलों को लेने के लिए हेलीकॉप्टर भी नहीं जा सका, जिसके कारण घायलों के साथ ही बलिदान जवानों के पार्थिव शरीर को एंबुलेंस की मदद से जगदलपुर लाया गया। जहां जवानों के पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम शुरू कर दिया गया। वहीं, घायलों को सीधा एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां से घायलों को रायपुर रेफर किया गया। इस घटना में बलिदान हुए एक जवान नारायणपुर जिले के बम्हनी का निवासी है तो वहीं दूसरा रायपुर के मोआ का निवासी है। सूचना मिलते ही बलिदान हुए दोनों जवानों के घरों में मातम छा गया, इसके अलावा नारायणपुर निवासी परिवार जगदलपुर आ पहुंचे। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ कोबरा, सीएएफ , डीआरजी , और एसटीएफ के जवान के करीब 500 से अधिक जवान निकले हुए थे, जहां वापस लौटने के दौरान नक्सलियों ने यह कायराना हरकत की। इस घटना में एसटीएफ के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू रायपुर के मोआ निवासी है। जबकि आरक्षक सतेर सिंह नारायणपुर के बहमनी निवासी की मौके पर ही बलिदान हो गए। जबकि अन्य जवानों में पुरषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार घायल हो गए हैं। घायलों को बेहतर उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया है।

### जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : सीएम साय

सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया ङ्क पर लिखा- 'बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट में एसटीएफके 2 जवानों के शहीद होने और 4 जवानों के घायल होने की दु:खद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी।'

अमित शाह और राजनाथ सिंह हुए शामिल

# कश्मीर की सुरक्षा को लेकर मोदी ने की अहम बैठक.......

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार, 18 जुलाई को जम्मू-कश्मीर (छ्वश्य) में आतंकी हमलों की बढ़ती संख्या पर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। पीएम मोदी की सुरक्षा बैठक के बारे में अब तक कोई और जानकारी साझा नहीं की गई है। सुरक्षा बैठक जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में दो सैनिकों के घायल होने के कुछ घंटों



बाद हुई है, जहां सेना के जवान एक मेजर सहित चार कर्मियों की हत्या से जुड़े कुछ आतंकवादियों को मार गिराने के लिए मुठभेड़ में लगे हुए हैं। ऑपरेशन गुरुवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया और मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को देसा के जंगलों में दो स्थानों पर थोड़ी देर के लिए गोलीबारी भी हुई। इससे पहले दिन में, डोडा आतंकी हमले से जुड़े तलाशी अभियानों में सहायता के लिए एक स्कूल भवन के अंदर स्थापित एक अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकवादियों के एक समूह ने गोलीबारी की, जिसमें सेना के दो जवान घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग करने के बाद आतंकी घने जंगल में भाग गए। गोलीबारी कास्टीगढ़ क्षेत्र के जद्दन बाटा गांव में देर रात करीब दो बजे शुरू हुई और एक घंटे से अधिक समय तक जारी रही।

### अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए जम्मू से तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 4,383 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था बृहस्पतिवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 157 वाहनों में सवार 4,383 तीर्थयात्रियों के 21वें जत्थे ने तड़के 3.15 बजे भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। इस जत्थे में 1,086 महिलाएं और आठ बच्चे शामिल हैं।अधिकारियों के मुताबिक, 2,682 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,701 तीर्थयात्रियों ने गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे।

डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस को लेकर राजनीति शुरू

# पीएम और रेलमंत्री को लेनी होगी जिम्मेदारी-मल्लिकार्जुन

नई दिल्ली/ एजेंसी

उत्तर प्रदेश के गोंडा में गुरुवार को डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हो गए। ट्रेन चंडीगढ़ से आ रही थी। हादसा यूपी के झिलाही रेलवे स्टेशन और गोसाई डिहवा के बीच हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला अधिकारियों को दुर्घटना में घायल हुए लोगों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश



दिया है। हालांकि, इस घटना को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसको लेकर मोदी सरकार और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पर निशाना साधा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट में कहा कि यूपी में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे मोदी सरकार ने व्यवस्थित रूप से रेल सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं और हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं। एक महीने पहले, एक मालगाड़ी के सियालदह-अगरतला कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा जाने से 11 लोगों की जान चली गई थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि दुर्घटना होने का इंतज़ार थी!

जमीन विवाद मामला

# पूजा खेडकर की मां को हिरासत में लिया गया.....

**पुणे।** पुणे पुलिस ने विवादों में घिरी प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को जमीन विवाद में कथित तौर पर बंदूक दिखाकर कुछ लोगों को धमकाने के मामले में हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मनोरमा को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड से हिरासत में लिया गया। दरअसल, एक वीडियो सामने आया था, जिसमें मनोरमा पुणे के मुलशी तहसील के धडवाली गांव में भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक दिखाकर धमकाती नजर आ रही थीं। इसके बाद से पुलिस मनोरमा और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश में जुटी थी।



पुणे (ग्रामीण) में पौड पुलिस ने खेडकर दंपति और पांच अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-323 (बेईमानी या धोखाधड़ी से संपत्ति हटाना या छिपाना) सहित अन्य धाराओं और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### भारत लोट आने पर दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया नें चैन की सांस ली

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी और उनके पति विवेक दहिया इटली से इंडिया वापस लौट आए हैं। कपल मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। इस मौके पर दिव्यांका ने कहा कि उन्होंने देश में लैंड करने के बाद ही चैन की सांस ली। दिव्यांका और विवेक इटली के फ्लोरेंस शहर वेकेशन मनाने गए थे, जहां उनका सामान और पासपोर्ट चोरी हो गया था। एयरपोर्ट पर जहां दिव्यांका की आंखों में देश वापस लौटने की खुशी साफ चमक रही थी। वहीं, उनके पति विवेक भी काफी राहत भरी सांस लेते हुए नजर आ रहे थे। इससे पहले 14 जुलाई को कपल ने इटली में इंडियन एम्बेसी द्वारा जारी किए गए।

रेलवे विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं

# चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतरे चार यात्रियों की मौत, 14 लोग जख्मी हुए...

लखनऊ/ एजेंसी

बुधवार रात 11.35 बजे चंडीगढ़ स्टेशन से रवाना हुई ट्रेन असम के डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यह हादसा उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के मोतीगंज-झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच हुआ। रेलवे विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। कम से कम 15 एम्बुलेंस और चिकित्सा टीमों के 40 सदस्य मौके पर हैं। और मदद आने वाली है। उत्तर प्रदेश के गोंडा रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की छह बोगियां पटरी से उतर जाने से कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। बुधवार रात 11.35 बजे चंडीगढ़ स्टेशन से रवाना हुई ट्रेन असम के डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यह



हादसा उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के मोतीगंज-झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच हुआ। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल होने पर 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। सीआरएस जांच के अलावा उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। रेलवे के मुताबिक कम से कम 13 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और कुछ को दूसरे रूट पर डायवर्ट कर दिया गया। रेलवे ने एक बयान में कहा, ''पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने के कारण गोंडा से दुर्घटना राहत चिकित्सा वाहन दुर्घटनास्थल पर पहुंच गया है। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। रेल यात्रियों की मदद और अन्य जानकारी के लिए रेलवे की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोंडा जिले में ट्रेन दुर्घटना बेहद दुखद है।

नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव

# छत्तीसगढ़ को अयोध्या तक मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

- केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 1383 करोड़ के कार्यों के स्वीकृति का किया अनुरोध

नई दिल्ली। संवाददाता

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। श्री साय ने बताया यह मार्ग



प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया यह कुल 482 किमी लंबा राज्य के कुल 6 राष्ट्रीय राजमार्गों एवं 5 जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण होने से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सल गतिविधियों में कमी आएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा रायपुर शहर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। एनएच 130बी से 53 को जोड़ने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग एनएच घोषित होने से रायपुर शहर का रिंग रोड पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग हो जाएगा। इसके अलावा उन्होंने रतनपुर-लोरमी-मुंगेली-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग, केंवची-पेंड्रारोड-पसान-कटघोरा मार्ग। मुंगेली-नवागढ़-बेमेतरा-धमधा-दुर्ग-झलमला मार्ग, राजनांदगाँव-मोहला-मानपुर मार्ग, पंडरिया-बजाग-गाड़ासरई मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने रखा है।

क्यों बुलाया जा रहा थाना

# देवेन्द्र यादव के कार्यालय में पुलिस का नोटिस जारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार पुलिस ने तीसरी बार नोटिस भेजकर तलब किया है। देवेंद्र यादव दो बार नोटिस के जवाब में बयान देने नहीं पहुंचे तो तीसरी बार बलौदाबाजार पुलिस नोटिस चस्पा करने खुद उनके विधायक कार्यालय पहुंची। कांग्रेस विधायक के सेक्टर-5 स्ट्रीट-41 भिलाई स्थित निवास-कार्यालय के बाहर यह नोटिस चस्पा किया गया है। पुलिस ने 18 जुलाई को कोतवाली थाने में पूछताछ के लिए नोटिस देकर बुलाया है।बलौदाबाजार पुलिस ने 10



जून को बलौदाबाजार में हुए सतनामी समाज के हिंसक प्रदर्शन में कांग्रेस विधायक को नोटिस जारी किया है। सतनामी समाज की सभा में देवेंद्र यादव उपस्थित थे। उसके बाद आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ की घटना हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आ गई रॉयल एनफील्ड गरिल्ला 450!

**रायपुर।** रॉयल एनफील्ड ने अपना प्रीमियम आधुनिक रोडस्टर - रॉयल एनफील्ड गरिल्ला 450 लॉन्च किया, जो रोडस्टर्स और सड़कों को हमेशा के लिए बदल देगा। यह मोटरसाइकिल विश्व को एहसास कराएगी कि रोडस्टर वास्तव में क्या होते हैं गतिशील, इंट्यूटिव और अपने पूरे पॉवर बैंड का उपयोग करने के लिए उत्सुक। रॉ, रिस्पॉन्सिव और विसरल राइडिंग अनुभव के लिए बनाई गई गरिल्ला 450 एक शक्तिशाली, बहुउपयोगी और उन्नत मोटरसाइकिल है जो चाहे वीक-डे का ट्रैफिक जाम हो, या संडे को घुमावदार सड़कों पर जोशीली राइडिंग, या फिर लंबी सड़कों पर दूर की यात्रा, हर मामले में प्योर और प्राइमल फन प्रदान करती है। गरिल्ला 450 कैरेक्टर, सब्सटैन्स, और चुनौती का प्रतीक है। यह मोटरसाइकिल रॉयल एनफील्ड का ऐसी मोटरसाइकिल बनाने का अद्वितीय सफर प्रदर्शित करती है, जो सबसे अलग हों। 'गरिल्ला' रॉयल एनफील्ड द्वारा श्रेणी की सबसे अच्छी और पुरस्कार विजेता मोटरसाइकिलों के पोर्टफोलियो में स्पष्ट दिखाई देता है, जिन्होंने मोनोटोनी को चुनौती दी है, और केवल एक उद्देश्य - प्योर मोटरसाइकिलिंग के लिए विकसित की गई हैं। गरिल्ला 450 रॉयल एनफील्ड के मजबूत रोडस्टर्स की लंबी दास्तान और विरासत में एक महत्वपूर्ण विकास है, जो इस श्रेणी का नेतृत्व कर रहा है।

### इंडकल टेक्नोलॉजी़ भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन लॉन्च करेगी

**रायपुर।** भारत की जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने आज एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ एक ग्लोबल आईसीटी दिग्गज है, जो अपनी खास टेक्नोलॉजी और शानदार उत्पादों के लिए जानी जाती है। इस समझौते के तहत, इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। यह रणनीतिक डील भारतीय बाजार में एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन की शुरूआत का संकेत है। इसके साथ ही नवाचार और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी होती है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लॉन्च करेगी। उम्मीद है कि कंपनी जल्दी ही बाजार में मजबूत और बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर लेगी। यह प्रयास एसर की ब्रांड की ताकत और भारतीय उपभोक्ताओं को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की इंडकल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है, जिसमें मजबूत स्पेसिफिकेशन, अत्याधुनिक हार्डवेयर और उन्नत सॉफ्टवेयर तकनीकें शामिल हैं। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ के सीईओ आनंद दुबे ने इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, एसर स्मार्टफोन कुछ ऐसा है जिस पर हम पिछले कुछ सालों से काम कर रहे हैं और आखिरकार हम इस फैसले की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। हमें यकीन है कि एसर स्मार्टफोन के साथ भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेहतरीन अनुभव मिलने वाला है। हमारे ग्राहक बेहतरीन प्रोसेसर, बेहतरीन कैमरा तकनीक और अपने रेंज में कई बेहतरीन फीचर्स के साथ बेहतरीन तरीके से डिजाइन किए गए स्मार्टफोन का अनुभव करेंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि सभी एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन भारत में डिजाइन और निर्मित किए जाएंगे, जो इंडकल के लिए एक खास उपलब्धि भी है। एसर इनकॉर्पोरेटेड में ग्लोबल स्ट्रैटेजिक अलायंस के वाइस प्रेसिडेंट जेड झोउ ने कहा, 1987 में अपनी स्थापना के बाद से, एसर ब्रांड का मिशन हमेशा आम लोगों और टेक्नोरलॉजी के बीच की बाधाओं को तोड़ना रहा है।

### सैमसंग ने भारत में Zफोल्ड6 और Z फ्लिप6 स्मार्टफोन लॉन्च किये; आकर्षक ऑफर्स के लिए अभी प्री-बुकिंग करायें

**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत में अपने छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन - गैलेक्सी Z फोल्ड6 और Z फ्लिप6 के लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। ये स्मानर्टफोन्स् गैलेक्सी एआई के अगले अध्याय की शुरुआत करेंगे। नया गैलेक्सी Zफोल्ड6 और फ्लिप6 गैलेक्सी एआई को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को मोबाइल का अनूठा अनुभव मिलेगा। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, सैमसंग अपनी छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन- गैलेक्सी Zफोल्ड6 और Zफ्लिप6 के साथ गैलेक्सी एआई के अगले अध्याय की शुरुआत करके खुश हैं। नए स्मार्टफोन कम्युनिकेशन, प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी में शानदार मोबाइल अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। एआई-आधारित कनेक्टेड गैलेक्सी इकोसिस्टम के साथ, हमारे नए प्रोडक्ट आपको सशक्त बनाएंगे और आपके जीवन को बेहतर बनाएंगे।

# कलेक्टर ने किया छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण, साफ-सफाई रखने के दिये निर्देश

### नोडल अधिकारियों ने किया विभिन्न छात्रावासों, आश्रमों का निरीक्षण



**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जांजगीर में संचालित कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में विद्युत व्यवस्था, भोजन तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी छात्र-छात्राओं से ली। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रावास में क्लोरिन दवाई और साफसफाई का विशेष रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहाँ शैक्षणिक माहौल विकसित करते हुए छात्राओं को समय पर अध्यापन कराने, विद्यार्थियों को खेलकूद गतिविधियों के अलावा रचनात्मक कार्यों में भी सक्रिय रहने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में छात्रावासों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न छात्रावासों, आश्रमों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए शौचालय, शयन कक्ष, कीचन का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षकों को हॉस्टल में साफ सफाई को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न छात्रावासों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

# चांपा नगर पालिका को मिला राष्ट्रीय अवार्ड

### शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और आजीविका के अवसर बढ़ाने अच्छे कार्यों के लिए मिला पुरस्कार

### 50 हजार तक आबादी वाले सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी में चांपा नगर पालिका को मिला द्वितीय स्थान

### कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने दी बधाई




**जांजगीर-चांपा/** छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनमें नगर पालिका परिषद चांपा को 50 हजार तक आबादी वाले सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकायों की श्रेणी मे द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया है। स्पार्क अवार्ड मिलने पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि स्पार्क-2023-24 पुरस्कार के लिए चांपा नगरीय निकाय का नाम चयनित होना जिले के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में बेहतरीन कार्यों के लिए ये पुरस्कार दिया गया है। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में जिले से सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं नगर पालिका सीएमओ श्री भोला सिंह ठाकुर ने यह स्पार्क अवार्ड प्राप्त किया।

# पिरदा से दलदली मार्ग गढ्डों में हुआ तब्दील पी डब्लू डी विभाग की अनदेखी



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्र के सूदूरवर्ती वनांचल इलाके में रोड की स्थिति दयनीय है ।

पिरदा से चनाट तक जाने वाले रोड़ बीते कुछ महीने पहले रोड़ को रिपेयर किया जा रहा था जो कि पिरदा से लिमदरहा तक ही किया गया और लिमदरहा से आगे चनाट लगभग तीन चार किलोमीटर को ठेकेदार द्वारा अनदेखी कर छोड़ दिया गया है। जहां बड़े बड़े गढ्डे होकर तालाब जैसे लबालब पानी भरें है। पिरदा से लिमदरहा का इलाका बसना विधानसभा में आता हैं और रामभाठा, चनाट सरायपाली विधानसभा में आता हैं। रामभांठा, चनाट के ग्रामीणजन भाजपा सरकार पर ताना कसी करते हुए कह रहे हैं कि, बसना विधानसभा सीमा तक ही, जो कि पिरदा से लिमदरहा बसना विधानसभा में आता हैं इसलिए ठेकेदार द्वारा लिमदरहा तक ही रोड का रिपेयरिंग किया गया है।

वहीं रामभाठा,चनाट जो कि सरायपाली विधानसभा में आता हैं जहां कांग्रेस की विधायक हैं वहां रिपेयर का काम छोड़ दिया गया है । वहीं विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी इस ओर न जाने क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहाँ गड्ढों में तब्दील रोड की स्थिति से सर्वहारा वर्ग को पिरदा ,बसना अस्पताल आने जाने, स्कूल जाने वाले बच्चों,आम जनता को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ा रहा है।

# सभापति ने ली संचार और संकर्म समिति की बैठक




**पाटन ( समय दर्शन )।** जिला पंचायत दुर्ग सभागार में आज 18 जुलाई को संचार एवं संकर्म स्थाई समिति के बैठक आयोजित किया गया। जंहा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव,सभापति मोनू साहू एवं सभापति , लक्ष्मी साहू, द्वारा जिला के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्य की समीक्षा किया गया। जिसमे टोलाघाट का लक्ष्मण झूला और कौही में बना एरीकेशन, मोरिद जलाशय निर्माण कार्य की जानकारी ली गई ।वहीं टोलाघाट में बन रहे लक्ष्मण झूला में लेट लतीफ हो रहे कार्य पर नाराजगी जाहिर कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश। मगरघटा से परसदा पुल निर्माण अटका हुआ है अभी प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है ।अभी पेडिंग है। जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर कार्य प्रगति पर होगी ।और परसदा रेल्वे फाटक से किनारे बने रोड चौड़ीकरण होने के बाद पुलिया निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। संबधित आधिकारी ने कहा कि रेल्वे की जमीन होने के कारण दिक्कत आ रहा है कलेक्टर मैडम के संज्ञान में जाने से कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है ।वही ग्राम कुम्हारी के रेस्ट हाउस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निजी कारण से।

रानीतराई में बन रहे दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय के कार्य पर भी उठे सवाल समय सीमा पर पूर्ण नहीं हो पाया कार्य। वही पीएचई विभाग से भी जानकारी लिया गया जंहा कई पानी टंकी पर मरमत कार्य किया गया है जिसमे जिला पंचायत द्वारा जांच की मांग किया था। पाटन ब्लॉक का ग्राम सांकरा में 15 वर्ष पुराने टंकी पर मरमत कार्य किया गया है जिसमे जांच किया जाना है और सभापति श्री साहू ने रिपोर्ट मांगी विभाग से। उन्होने कहा है कि नई पानी की टंकी का निर्माण किया गया है। लेकिन पुराने पानी टंकी का मरमत कर विभाग के द्वार भ्रष्टाचार करने का बू आ रहा है। सभी विभाग से संबंधित जानकारी अधिकारियो से ली गई ।कई विभाग से संतोष जनक जवाब तो कई असंतुष्ट जानकारी मिला। श्री साहू ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया।

# लिमतरा का बेजा कब्जा और बेबस राजस्व अधिकारी





**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** राजस्व विभाग की नजर में बेजा कब्जा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, निस्तारी तालाब में कब्जा के संवेदनशील मामलों को एक नजर से देखा जाना चाहिए। पर मस्तूरी ब्लाक में इन दिनों ऐसा नहीं हो रहा है। वैसे तो मस्तूरी अपने कई विवादित मामलों को लेकर चर्चा में रहने वाली तहसील है। इस समय बेजा कब्ज का मामला लिमतरा ग्राम पंचायत का है। एक प्रभावशाली कौशिक नाम के व्यक्ति ने ग्राम पंचायत लिमतरा की साढे तीन एकड़ सरकारी जमीन और एक निस्तारी तालाब पर कब्जा कर रखा है। तहसील में बेजा कब्जा खाली कराने के लिए प्रकरण भी दर्ज करा कर रखा है। पर मामला प्रभावशाली व्यक्ति से जुदा होने के कारण अधिकारियों के हाथ बंधे नजर आते हैं।

दूसरी ओर तहसील लगानी जमीनों के कब्जे को लेकर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते नजर आते हैं। और अपने आदेश के 24 घंटे के भीतर उसे लागू भी कर देते हैं। ऐसा तब भी होता है जब अनावेदक पक्ष अपील के लिए बड़े न्यायालय में अपने आवेदन पत्र जमा कर चुका होता है। निमतरा में बेजा कब्जा करने वाला व्यक्ति कर्रा का निवासी है। जबकि अधिकारियों ने कुछ ही दिन पहले लिमतरा में लिमतरा के ही एससी नागरिक द्वारा तीन डिसमिल जमीन पर बने हुए बेजा कब्जा को तेजी के साथ हटवाया, तीन डेसिमल पर अपना घर या रोजगार करने वाला व्यक्ति जरूरतमंद हो सकता है और साढ़े एकड़ जमीन और तालाब पर बेजा कब्जा करने वाला व्यक्ति दबंग कहलाता है। मस्तूरी तहसील समय-समय पर अपने राजस्व संबंधी धांधलियों को लेकर चर्चित रही है।

# पचरी स्कूल के बच्चों का पढ़ाई खोजने में नहीं मिल रहा है ?

## बच्चों स्कूल में खाना खाने ही जाते हैं, आक्रोश पालकों ने स्कूल बंद करने की मांग कर रहे हैं









**शंकर लहरे/ महासमुंद( समय दर्शन )।** महासमुंद जिला मुख्यालय के महासमुंद ब्लाक के ग्राम पंचायत पचरी के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल पचरी का हैं , जहा विगत तीन सालों से शिक्षक के मांग को लेकर सरपंच, पंच एवं पालक गण कलेक्टर, जिला पंचायत सी ई ओ,जिलाशिक्षा आधिकारी दफ्तर के चक्कर लगाने पर मिला मात्र एक शिक्षक , तीन साल में छात्र छात्राओं का दर्ज संख्या 2022 मे 196 था, 2023 में 176 था, 2024 में 171 विद्यार्थी हैं , तीन सालों में तीन शिक्षक मिले लेकिन व्यवस्था में और शिक्षण सत्र समाप्त होते ही मूल शाला में वापसी हो जाता है। इसलिए पालक गण लोग का कहना हैं कि भेजे तो स्थाई शिक्षक ही भेजे, अभी 171 दर्ज संख्या हैं जिसमें दो शिक्षक हैं, जिसमें एक शिक्षक प्रधान पाठक हैं जो अधिकतर आफिस काम से इधर उधर रहता है। बचा एक शिक्षिका जो पहली से पांचवीं तक के बच्चों को बढ़ाती हैं। इसलिए यहा पढ़ाई भगवान भरोस हैं, और यहा के बच्चें स्कूल पढ़ाई करने नही बल्की बच्चें खाना खाने जाते हैं। इसलिए दिनों दिन गिरती हुई शिक्षा व्यवस्था को देख कर पालक गण स्कूल बंद करने की मांग कर रहे हैं। और शासन को देना हैं तो व्यवस्था का एक शिक्षक नहीं, कम से कम स्कूल के दर्ज संख्या को ध्यान में रखते हुए तीन स्थाई शिक्षक की जरूरत हैं, नही दिए जाने के स्थिति में स्कूल बंद करें।

ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच, पंच, पालको यह कहना है कि शासन प्रशासन स्कूल चलाना है तो अच्छा से चलाए नही तो स्कूल को बंद करें। ॥ स्कूल में शिक्षक हैं तो बच्चें नही, बच्चें हैं तो शिक्षक नहीं, जब दोनों हैं तो स्कूल में पढ़ाई नहीं

### कुछ पालकों का जुबानी स्कूल में पढ़ाई की कहानी

**परशु राम रात्रे शिक्षा समिति अध्यक्ष :** को मोबाइल से बात करने पर बताया कि शासन और शिक्षा विभाग के पास कई बार गए हैं, मात्र आश्वासन ही दिया गया है कि हो जायेगा करके। अगर एक सप्ताह के अंदर शिक्षक का व्यवस्था नहीं किया गया तो सभी पालक मिल कर स्कूल बंद करने की मांग करेंगे।

**ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच श्री मति हेमलता डडसेना :** ने बताया कि तीन साल पहले से ही शिक्षक के मांग को लेकर लगातार शासन से मांग किया जा रहा है, लेकिन शिक्षक के व्यवस्था नहीं करके शासन प्रशासन के द्वारा ही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस शिक्षा की लाचार व्यवस्था को देखकर हमारे गांव छात्र-छात्राओं ने पढ़ाई छोड़ रहे हैं।

**डुनेश्वर प्रसाद टंडन** ग्रामवासी ने बताया कि शिक्षक के अभाव हमारे गांव के पढ़ाई का स्तर इतना खराब है कि स्कूल में थोड़ा से भी पढ़ाई नहीं होता है। हमारे बच्चें स्कूल में हाजरी दिलाने और मध्यान भोजन का खाना खाते हैं और घर आ जाते हैं। इसलिए शासन प्रशासन आग्रह है कि दर्ज संख्या को ध्यान में रखकर स्थाई शिक्षक की व्यवस्था करने की कृपा मांग

सार समाचार

## गौ मांस के साथ पकड़ायी महिला

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर से गौ मांस मिलने का मामला सामने आया है। गौ मांस मिलने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और एक महिला को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला गुढियारी थाना क्षेत्र का है। यहां खाल बाड़ा में एक महिला के पास गौ मांस रखे होने की सूचना गौ सेवकों को मिली थी। इसके बाद स्थानीय गौ सेवकों ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की। गौ सेवको की शिकायत के बाद पुलिस की टीम जब जांच के लिए खाल बाड़ा पहुंची और एक महिला को गौ मांस के साथ हिरासत में लिया है और थाने लाकर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने महिला के पास से लगभग 7 किलो गौ मांस जब्त किया है।

## घर से मोबाइल व लेपटाप पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1 स्थित मकान से अज्ञात चोर ने 2 नग मोबाइल और एक लेपटाप पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नारायण त्रिपाठी 36 वर्ष प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1 का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के मकान में तड़के करीब साढ़े 5 बजे प्रवेश कर आलमारी में रखे दो नग मोबाइल और एक लेपटाप पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 55 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** बसंत विहार कालोनी गोंदवारा स्थित सूने मकान का का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 30 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीकृष्ण राव 35 वर्ष बसंत विहार कालोनी गोंदवारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

एसोशिएशन के वेब पोर्टल और क्यूआर कोड को किया लांच

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल




**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण और आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। उन्होंने रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में एसोशिएशन के वेब पोर्टल और क्यूआर कोड को लॉन्च किया। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और विधायक श्री अमर अग्रवाल भी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य श्री सुनील ओटवानी ने छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रुप में शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने नेतृत्व में प्रदेश भर के सराफा व्यापारियों को एकजुट करने का काम करेंगे। सराफा व्यवसाईयों के हितों के संरक्षण के साथ ही समाज सेवा का महती कार्य एसोशिएशन के माध्यम से होगा, ऐसी वे उम्मीद करते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सराफा व्यवसाय के उत्थान में सरकार हर कदम पर एसोशिएशन के साथ खड़ा है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सराफा व्यवसाय किसी प्रदेश की प्रगति का द्योतक है। सराफा व्यवसाय का बढ़ना राज्य की तरक्की का प्रतीक है। पहले एक खास क्षेत्र में सीमित रहने वाले सराफा दुकानों का अब शहर के अलग-अलग क्षेत्रों और बाजारों में विस्तार हो रहा है। पिछले 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ में सराफा का व्यवसाय करीब सौ गुना बढ़ा है। समारोह में विधायक श्री अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद यहां की सामाजिक और आर्थिक प्रगति हम सबने देखी है। प्रदेश में सराफा की नई दुकानें तेजी से खुल रही हैं जो बताती है कि यहां के लोगों की खरीदारी की क्षमता लगातार बढ़ रही है।

# कांग्रेस सरकार के कार्यो का राष्ट्रीय पुरस्कार भाजपा सरकार ले रही - धनंजय सिंह ठाकुर

**भाजपा सरकार ने 6 महीने में गरीब जनता के हित मे कोई कार्य नहीं किया जिसका राष्ट्रीय पुरस्कार मिले**



**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान हुए जनता की भलाई के कार्यो का राष्ट्रीय पुरस्कार भाजपा की सरकार ले रही है। बीते 6 महीने में भाजपा सरकार ने शहर के निवासियों के जीवन में परिवर्तन लाने उनके आजीविका को बेहतर बनाने उनके आर्थिक मजबूती के लिए कोई काम नहीं किया है जिसका उसे पुरस्कार मिलेगा। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के पांच राष्ट्रीय पुरस्कार मिल रहे हैं वह कांग्रेस के सरकार के दौरान हुए कामों का परिणाम है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार भाजपा को चिढ़ा रही है जो भाजपा चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार पर शहरी गरीब परिवार के आजीविका सुधारने के लिए कोई काम नहीं करने झूठा आरोप लगाते थे जब भाजपा सरकार के मंत्री यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे तब उन्हें अपने झूठे आरोपो पर अफसोस होगा। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने व्यक्ति विकास की नीति अपनाकर हर वर्ग की चिंता की है हर वर्ग के जीवन में परिवर्तन लाया है। जहां मोदी सरकार के गलत नीतियो महंगाई बेरोजगारी बढ़ी आर्थिक मंदी रही धंधा, व्यवसाय चौपट था छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की नीतियों के चलते आर्थिक मंदी नहीं था रोजी रोजगार का संकट नहीं था गरीबों के लिए आवास बनाये स्वास्थ्य की सुविधा दी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरुआत करके बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी के शिक्षा दिए प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों को निशुल्क भाग लेने का अवसर मिला उद्योग लगाकर रोजगार दी वेंडर पॉलिसी बनाये, स्थानीय निर्माता विक्रेताओं को सरकारी विभागों में सामान सप्लाई का अवसर दिया जिसके चलते छत्तीसगढ़ में राजस्व कलेक्शन अच्छा हुआ। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी। छत्तीसगढ़ सरकार के योजनाओं का नीति आयोग ने भी सराहा था और अन्य राज्यों को इसे लागू करने की सुझाव भी दिया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही पथ विक्रेताओं के दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया।

# छत्तीसगढ़ ओलंपिक और राजीव युवा मितान क्लब का पैसा एक ही जगह हुआ खर्च



**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को बंद करने पर वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने बड़ी बात कही है. उन्होंने कहा कि (विधानसभा) सत्र शुरू होगा, तो देखिएगा नए तथ्य सामने आएंगे. जब तक हम इसे परिणाम तक नहीं ले जाएंगे, तब तक सवाल लगते रहेंगे. जो कन्वर्जेंस हुआ हैं, जिसमें छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का पैसा और राजीव युवा मितान क्लब का पैसा एक ही जगह खर्च हुआ है. दोनों के पैसों का हिसाब-किताब क्या है, ये जब तक साबित नहीं होगा, चलता रहेगा. । वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने इसके साथ ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (ष्ट्रत्रक्रस्ष्ट) परीक्षा में गड़बड़ी की जांच सीबीआई द्वारा शुरू किए जाने पर कहा कि कांग्रेस का मापदंड नीट (हृश्वश्वञ्ज) के मामले में अलग हैं, और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (ष्ट्रत्रक्रस्ष्ट) मामले पर अलग है. मोदी जी की गारंटी थी कि हम जाँच करायेंगे. जांच शुरू हो गई है. छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को न्याय मिलेगा. कुरुद विधायक ने कहा कि परीक्षा लेने वाली संस्थाओं और परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल छत्तीसगढ़ से शुरू हुआ था. नीट का मामला हो या पीएससी की, दोनों वक्त कांग्रेस का शासन था. मोदी जी की गारंटी थी, जाँच शुरू हुई. बेरोज़गारों को, योग्य प्रतियोगियों को अवसर मिले. वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फालोअर्स की संख्या सौ मिलियन पार करने को कांग्रेस के पैसे के बल पर बताए जाने पर अजय चंद्राकर ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के ही नहीं, विश्व के नेता हैं. उनका कद कांग्रेस को कभी स्वीकार ही नहीं हुआ. कांग्रेस के एक परिवार के तीन लोगों को छोड़कर किसी का कद स्वीकार नहीं कर सकती. तीन लोगों के अलावा दुनिया में क्या घट रहा है, इससे कांग्रेस को मतलब नहीं. एक परिवार के बाहर कांग्रेसी सोचते नहीं हैं।

# कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में भूपेश अलग-थलग पड़ गए : संजय



**रायपुर( समय दर्शन )।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी में मचे घमासान के चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अलग-थलग पड़ गए हैं। सत्ता में रहते हुए सत्ता व संगठन में तालमेल नहीं रहने के कारण कांग्रेस पहले भी कई गुटों में बँटी नजर आ रही थी और हालात आज भी वही, या कहें कि उससे भी बदतर, हैं। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस की यह अंदरूनी तकरार अब मौके-बेमौके खुलकर सामने आ रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि सत्ताकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल के बीच की अंतर्कलह हो या फिर जयसिंह अग्रवाल के साथ मनभेद हो, आज के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री कवासी लखमा का मनमुटाव हो, कांग्रेस संघर्ष से उबरने का नाम ही नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री रहते बघेल ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद से मोहन मरकाम को हटाने के लिए लगातार जोड़-तोड़ करते रहे और उसमें वह कामयाब भी हो गए लेकिन उसके बाद भी कांग्रेस पार्टी में लगातार तकरार जारी रही। आज हालात ये हैं कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन की जिम्मेदारी तय तक नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि बैज और लखमा के बीच की लड़ाई तो जगजाहिर है। कैसे बैज की टिकट काटकर लखमा को दे दी गई? विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी जिस प्रकार से अंतर्द्वंद के चलते लगातार गर्त में चली गई और उससे भी तेज रफ्तार से लोकसभा चुनाव में उसे रसातल में जाना पड़ा है। कांग्रेस लगातार 5 वर्षों से अपनी अंदरूनी लड़ाई लड़ती रही।

## किसान हो रहे आर्थिक रूप से सशक्त : टंकराम वर्मा

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है। खेती-किसानी को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव सहायता दे रही है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा सारंगढ़ में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उनके साथ सांसद राधेश्याम राठिया भी शामिल हुए। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होंने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भी विकसित राज्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। आने वाले वर्षों में भारत पुन: विश्व गुरू के रूप में भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। 3100 रूपए में धान खरीदी, दो साल का धान का बकाया बोनस किसानों को दिया गया है। इसके अलावा प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों में सब्सिडी और पीएम सूर्य घर योजना जैसी अनेक योजनाओं के बेहतर ढंग से क्रियान्वयन से किसानों को लाभ मिला है। लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया ने सारंगढ़ विधानसभा के मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि मतदाताओं के बदौलत जनता की सेवा करने की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है, जिसका निर्वहन मैं पूरी निष्ठा से करूंगा।

पटना में मुहर्रम के शोक के दसवें दिन, जो कि आशूरा का दिन होता है, जुलूस में भाग लेते शिया मुसलमान।




## 150 चाकूबाजों को पुलिस ने दबोचा

**रायपुर( समय दर्शन )।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के चाकुबाजों, सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जिसके तारतम्य में आज दिनांक 16.07.2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व व समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 150 से अधिक चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा उनको समझाईश दी गई। वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। अभियान कार्यवाही के तहत 08 चाकूबाजों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट तथा 40 अपराधिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

# विधानसभा सचिव कर रहे हैं पद का दुरुपयोग, नियम विरुद्ध कार्य के बाद भी नहीं हो रही है कोई कार्रवाई

- भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी पर थाने में स्न्ढ्ढक्र हेतु शिकायत
- चहेते अधीनस्थ कर्मचारियों तथा उनके रिश्तेदारों की कर दी भर्ती
- स्पीकर से दंड-प्रक्रिया संहिता अंतर्गत अपराधिक प्रकरण चलाने की स्वीकृति ली जा रही है

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार का आलम यह था कि लोकतंत्र के सबसे मजबूत स्तंभ विधायिका भी अछूता नहीं था। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा पर नियुक्ति के लिए कथित लेन-देन का मामला जोर-शोर से उछला था। तब एक विडियो भी वायरल हुआ था, जिसमे पैसा प्राप्त करते हुए फोटो भी स्पष्ट दिख रहा था। सरकार बदलने के बाद माना जा रहा था कि पुरानी गड़बडियों को देखते हुए उन्हे तुरन्त हटाया जायेगा पर अभी भी शर्मा यथावत बने हुए हैं। उन्होंने कई चालू भर्ती प्रक्रिया को 4-5 वर्षों से रोक कर पिछले दरवाजे से सहायक ग्रेड -3 के छह पदों पर अपने चहेतों तोरण लाल कुम्भकार, कुमुदनी साहू, अनिल गोटेफोड़े, अशोक अग्रवाल, युक्ति साहू, सतीश दीवान तथा वाहन चालक के पांच पदों पर संजय कुमार घरडे, संजय साहू गोलू, जायता यादव, हेमंत राजपूत तथा बुक लिफ्टर के एक पद पर सुनील देशमुख की नियमित नियुक्ति बिना किसी भर्ती प्रक्रिया के पिछले दरवाजे से कर दी है। यह भी आश्चर्य है कि इनमे से आरक्षित संवर्ग के एक भी नियुक्ति नहीं किया गया है. ऐसा कर उन्होंने आरक्षित संवर्ग के अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय द्वारा तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड-तीन की कुल 47 पदों, जिसमें आरक्षित संवर्ग के लिए भी पद सम्मिलित है, की भर्ती के लिए 22 अक्टूबर 2019 को विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाया गया था। दिसंबर 2021 को लिखित परीक्षा लेकर परिणाम विधानसभा की वेबसाइट में अपलोड किया गया। आज पर्यन्त तक उक्त लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में न कोई कार्यवाही की और न ही किसी को नियुक्ति दी गई। बल्कि ठीक चुनाव अचार संहिता के पूर्व अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के रिश्तेदारों की भर्ती कर दी गई है.



**मार्शलों की भर्ती में भी गड़बड़ी :** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने विधान सभा सचिवालय में पिछले दरवाजे से की गयी मार्शल भर्तियों को ख़ारिज कर (डब्ल्यूपीसी/2337/2012 का निर्णय मार्च 2019) पुन: भर्ती का आदेश दिया गया. उक्त प्रकरण में मार्शलों द्वारा दायर अपील को डबल बेंच और सुप्रीम कोर्ट ने भी ख़ारिज कर दिया है. मार्शल पद में नियुक्त के लिए जारी विज्ञापन के आधार पर शारीरिक परीक्षा हेतु दूरस्थ स्थानों से एक हफ्ते तक लगातार तीस-चालीस हज़ार आवेदक उपस्थित हुए। यहाँ तक की परीक्षा उपरान्त परिणाम भी घाषित किया, लेकिन विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने कई वर्षों से उस प्रक्रिया को रोककर न केवल हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों की अवहेलना की है वरन प्रदेश के आवेदकों को भी धोखे में रखा है। यही नहीं दिनेश शर्मा ने आवेदकों को धोखे में रखते हुए उपरोक्तानुसार झूठ-मुठ की परीक्षाएं आयोजित कर 3-4 करोड़ राशि का भी अपव्यय किया। नियमानुसार आरक्षित आवेदकों को टीए-डीए का भी भुगतान नहीं किया गया।तथा हाई-कोर्ट के आदेश अनुसार पांच वर्ष पूर्व पुन: मार्शल की भर्ती चालू की गयी. विज्ञापन द्वारा आवेदन मंगवाकर परीक्षा लेकर परिणाम भी घोषित कर दिया गया है किन्तु कई पांच साल बाद भी उनमे से किसी की भी नियुक्ति नहीं की गयी है. और विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने उक्त अवैधानिक नियुक्ति कर्मचारियों को संरक्षण देते हुए उनकी सेवाएं ले रहे है। हाल ही में हाई कोर्ट ने नियम विरुद्ध नियुक्त मार्शलों की नौकरी खारिज नहीं करने और नई नियुक्ति लम्बे समय से रोके जाने पर दायर याचिका (WPS/5431 of 2023) में गहरी आपत्ति लेते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश देने पर, पहले तो इनके वकील ने टाल-मटोल किया किन्तु कोर्ट द्वारा कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देने पर 03-04 माह में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है.

**आरटीआइ में भी नहीं दे रहे जानकारी :** अविनाश साहू ने कहा है कि नियम विरुद्ध भर्ती की प्रक्रिया यहीं तक सीमित नहीं है। इसके अतिरिक्त भी दर्जनों बैकडोर भर्तियां उनके द्वारा की गई है। इसकी जानकारी सूचना के अधिकार के अंतर्गत मांगने पर भी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उपर वर्णित भर्ती प्रक्रिया रोककर अपने चहेते अधीनस्थ कर्मचारियों तथा उनके रिश्तेदारों की भर्ती कर दिया है। शुभम प्रजापति पिता दिलीप प्रजापति (कर्मचारी विधानसभा), लिलेश देवांगन (विधानसभा के कर्मचारी का भाई), लखवीर कौर (विधानसभा के एसडीओ की बहन), भूपेंद्र साहू (विधानसभा के कारपेंटर का भाई), हेम कुमार यादव (विधानसभा में प्लम्बर का बेटा), राकेश साहू पिता शिव साहू पूजा चौहान, ऋतू साहू (विधानसभा के भृत्य की बेटी), मुकेश देवांगन व भूपेंद्र श्रीवास्तव (विधान सभा की अधिकारी का पुत्र) शामिल हैं। अत: माननीय मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष से भी मांग करते हैं कि उक्त विषय पर संज्ञान लेकर CBI के माध्यम से तत्काल उचित कार्रवाई करवाएं ताकि विधायिका पर लोगों का विश्वास बना रहे।

## संपादकीय

# आतंकी हमला प्रशासन के लिए चिंता का विषय

जम्मू के कठुआ में सोमवार को सेना के गश्ती दल पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। एक महीने के भीतर कठुआ में दूसरी बार आतंकी हमला हुआ है जो सरकार, सुरक्षा बल और प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। पिछली कुछ आतंकी घटनाओं का ट्रेंड बता रहा है कि दहशतगर्दों ने अपनी रणनीति में बदला किया है। अब जम्मू और विशेषकर कठुआ आतंक का नया गढ़ बनता दिख रहा है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद के शुरुआती दिनों में यह इलाका आतंकवादियों का अच्छा खासा ठिकाना बन गया था। लेकिन सुरक्षा बलों ने विशेष अभियान चलाकर कठुआ और उसके आसपास के इलाके को आतंक से मुक्त करा लिया था। संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में अमन-चैन बहाल हो रहा था लेकिन जब से विधानसभा चुनाव की आहट तेज हुई है, अचानक आतंकवादी सक्रिय हो गए हैं। हाल के महीनों में आतंकियों ने सीमावर्ती जिले पूंछ, राजौरी, डोडा और रियासी में एक के बाद एक हमले किए हैं। अब आतंकी घाटी की ओर से जम्मू की ओर रुख करने लगे हैं। इसकी बड़ी वजह कठुआ की प्रकृति और बनावट है। यह क्षेत्र पहाड़ियों और घनघोर जंगलों से भरा-पूरा है और इसके एक ओर पाकिस्तान की सीमा लगती है और दूसरी ओर पंजाब और हिमाचल है। सीमा पार से आने वाले आतंकवादी वारदात को अंजाम देकर जंगलों के रास्ते पाकिस्तान वापस चले जाते हैं। इस जिले की जनसांख्यिकी भी कश्मीर घाटी से अलग है। यहां हिन्दुओं की आबादी अधिक है। ऐसा हो सकता है कि चुनाव से पहले सांप्रदायिक माहौल खराब करना भी पाक प्रायोजित आतंकवादियों का एक राजनीतिक लक्ष्य हो। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि रियासी में इसी इरादे से श्रद्धालुओं की बस को निशाना बनाया गया हो। यह कहा जाता है कि आतंकवाद की कोई निश्चित उम्र नहीं होती। देखा गया है कि कभी-कभी यह एक समय बाद स्वत- ही खत्म हो जाता है। लेकिन कश्मीर में जारी आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की बड़ी भूमिका से कोई भी इंकार नहीं कर सकता। शायद इसलिए भी यहां आतंकवाद लंबे समय से जीवित है। अब यह देखने वाली बात होगी कि यहां आतंकवाद के विरुद्ध जारी निर्णायक युद्ध में केंद्र सरकार का पाकिस्तान के प्रति क्या रुख रहता है।

# साइबर अपराधों में काफी विविधता

**सतीश सिंह**

भारत में साइबर अपराधों में काफी विविधता आई है। 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की तर्ज पर अपराधी अब नये-नये तरीकों से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। नई मोडस ऑपरेंडी है 'डिजिटल हाउसअरेस्ट'। इस तकनीक की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड में काफी तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर,11 मई को एक बुजुर्ग डॉक्टर को डिजिटली हाउसअरेस्ट करके 45 लाख रुपये ठगे गए। 15 अप्रैल को इंदौर के एक दंपति को 53 घंटों तक हाउसअरेस्ट करके रखा गया और लाखों रुपये ठगे गए। 6 जुलाई को वाराणसी में 3 दिनों तक डिजिटल हाउसअरेस्ट के जरिए सोनारपुरा के निहार पुरोहित से 28.75 लाख रुपये ठगे गए।

आजकल ऑनलाइन गेमिंग के जरिए भी ठगी की जा रही है। कूरियर, रिश्तेदार, दोस्त की गिरफ्तारी आदि की धमकी, अश्लील वीडियो आदि नये-नये तरीकों की मदद से ठगी करने की वारदात में तेजी आई है। स्नैप चैट, फेसबुक और इंस्टाग्राम भी अब ठगी के साधन बन गए हैं। मित्र या रिश्तेदार की फर्जी प्रोफाइल बनाकर ऐसी ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023 में भारत में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई और पिछले दशक में भारतीय बैंकों में 65017 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए। ये आंकड़े निश्चित रूप से डराने वाले हैं।

हाल के वर्षों में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए साइबर अपराध करने की घटनाओं में उल्लेखनीय तेजी आई है। टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा देती हैं, जिसके तहत कॉल एवं एसएमएस को फॉर्वड किया जाता है। इस सुविधा का इस्तेमाल उपभोक्ता तब करते हैं, जब मीटिंग या किसी जरूरी काम में व्यस्त होते हैं, ताकि कोई जरूरी कॉल मिस न हो। इसके जरिए स्कैमर कॉल करके उपभोक्ताओं को यह कहता है कि हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है। समस्या को दूर करने के लिए आपको 'स्टार 401 हैशटैग' नंबर डायल करना होगा। यह नंबर डायल करने के बाद उपभोक्ता को अंजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही, उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं। अनुसंधानकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल ही में 'विश्व साइबर अपराध सूचकांक' तैयार किया है, जिसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। इस सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। इसके मुताबिक साइबर अपराध के मामले में रूस शीर्ष पर है, जबकि यूक्रेन दूसरे, चीन तीसरे, अमेरिका चौथे, नाइजीरिया पांचवें, रोमानिया छठे और उत्तर कोरिया सातवें स्थान पर है। बीते कुछ वर्षो से गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जवाब ढूंढ रहे हैं। ऐसे मनोविज्ञान को दृष्टिगत कर ठग नामचीन भुगतान एप्स जैसे गूगल पे, फोन पे, पेटीएम के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं जिसके कारण खुद से लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं।

अब तो ब्राउजरएक्सटेंशनके डाउनलोडिंग के जरिए भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिए किया जाता है। सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेन-देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अज्ञानतावश लोग ऐसा नहीं करते हैं, और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है।

# मनोबल बढ़ाकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की तैयारी में भाजपा

**मृत्युंजय दीक्षित**

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से लोकसभा की 80 सीटें आती हैं, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था किंतु अधूरा रह गया और भाजपा को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। स्थिति इतनी प्रतिकूल हो गई कि अयोध्या विधानसभा सीट वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। स्वाभाविक है भाजपा को गहरा धक्का लगा और पारस्परिक आरोप प्रत्यारोप, और मीडिया हलचल के बीच अफ्वाहों का बाजार गर्म हो गया। बिल्ली की तरह योगी-मोदी के मध्य संबंधों के ख़राब होने का छींका टूटने की आस में बैठे विरोधी अति उत्साह में घूमने लगे, बड़े-बड़े बयान देने लगे।



इस पूरी मीडिया हलचल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शांत भाव से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने काम में लगे हैं, प्रदेश के विकास को गति देने के लिए, जनता की जनसमस्याओं को हल करने के लिए और साथ ही पार्टी की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर स्वयं ही धरातल पर उतरकर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। लोकसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी मंडल व जिला अध्यक्षों तथा विधायकों से मिलकर पराजय की गहन समीक्षा कर रहे हैं, जिसमें वह पूछ रहे हैं कि 2019 और 2022 में हमारी विजय का आधार क्या था और 2027 में पीछे रहने का क्या कारण है ? कार्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदा की तरह पूरी कर्मठता से सक्रिय हैं। हाथरस की भीषण दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस में थे और बाढ़ क्षेत्रों में नाव से सर्वेक्षण करते हुए पीड़ितों के बीच पहुंच रहे हैं। कई अफ्वाहों की धुंध के बीच लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया है। कार्यसमिति की इस बैठक से पहले भाजपा के महामंत्री बीएल संतोष ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक कर पराजय के कारणों की गहन समीक्षा करने के साथ ही सभी उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया था।

प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक से स्पष्ट सन्देश दिया गया है कि प्रदेश में आगामी सभी चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही लड़े जाएंगे। स्वाभाविक है कि इससे आप नेता अरविंद केजरीवाल, सपा मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस और भाजपा के अंदर बैठे कुछ गुटबाज निराश हो गये हैं। पार्टी के बाहर हों या अन्दर योगी विरोधियों को अब इस सपने से बाहर आना होगा कि उत्तर प्रदेश से योगी जी को हटाया जा रहा है। यह बात अलग है कि आने वाले दिनो में यूपी मंत्रिमडल का विस्तार और फेरबदल आदि हो सकता है और वह जो भी होगा वह इंडी गठबंधन की रणनीतियों को ध्यान में रखकर होगा। कुछ सीटों पर पराजय से प्रदेश की भाजपा सरकार व उसका विकास का एजेंडा बैकफुट पर नहीं जाने वाला है। प्रदेश की भाजपा सरकार समग्र विकास के एजेंडे के साथ हिन्दुत्व के मुद्दे पर भी मजबूती से आगे बढ़ेगी।

प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया और विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें एससी व ओबीसी आरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई । भाजपा की डबल इंजन सरकार ने एससी व ओबीसी के लिए जो कार्य किये हैं उनके विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रस्ताव में संविधान पर भी चर्चा की गई और कहा गया है कि हमारी सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है। हम संविधान को सिर्फ राजकाज का हिस्सा नहीं मानते संविधान जनचेतना का हिस्सा हो इसी ध्येय के साथ हमारी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना प्रारम्भ किया है। कार्यसमिति में भाजपा को अपेक्षित सफलता न मिल पाने का एक कारण विपक्ष का झूठा प्रचार भी बताया गया है।

भाजपा के प्रस्ताव में सपा पर निशाना साधा गया और कहा गया कि विपक्ष में होने पर पिछड़े दलितों वंचितो के हितैषी होने का ढोंग करने वाले सपाई जब सत्ता में होते हैं तब असली रंग दिखाते हैं। सत्ता में रहते हुए प्रमोशन में आरक्षण समाप्त करने का कार्य करते हैं। भाजपा कार्यसमिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान की कड़ी निंदा की गई और कहा गया कि राहुल के बयान से हिंदू समाज आहत है जिसके लिए उन्हें हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। एक अन्य प्रस्ताव में प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की गई।

कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले सभी 10 उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया साथ ही 2027 में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अभी से जुट जाने की अपील की गई। कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने तीन माह के कार्यक्रम भी घोषित कर दिये गये हैं। समिति की बैठक से यह साफ संदेश जा रहा है कि अब भाजपा दलितों को साधने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। कार्यसमिति की बैठक में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान कर उसका विस्तार करने पर बल दिया गया है जिसके लिए अब बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन विस्तार की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।सदस्यता अभियान भी तीव्र गति से चलाया जाएगा। साथ ही कुछ अन्य कार्यक्रमों की भी घोषणा की गई है। कार्यसमिति ने विकसित भारत के मंत्र के साथ, कार्यकर्ता प्रथम के विचार के साथ आगे बढ़ने व सभी उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया है। कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया में सक्रिय रहने की अपील की गई है। बैठक में सभी नेता इस बात पर सहमत रहे कि कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि अब उछलकूद करने वालों को अवसर नहीं मिलेगा और सभी 10 उपचुनाव बीजेपी ही जीतेगी। यह भी साफ हो गया है कि भाजपा कार्यकर्ता को अब बैकफुट पर नहीं जाना है बीजेपी का नेतृत्व अब फ्रंटफुट पर विपक्ष का मुकाबला करने के लिए मैदान पर उतरने जा रहा है। कार्यसमिति में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हिन्दुत्व की अपनी राह पर चलते रहेंगे। मुहर्रम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब मुहर्रम पर सड़कें सूनी हो जाती थीं, ताजिया के नाम पर घर तोड़ जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाये जाते थे। आज हमारा स्पष्ट निर्देश है कि पर्व और त्यौहार मनाना है तो नियमों के अंतर्गत मनाओ वरना घर में बैठ जाओ। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि प्रदेश माफिया मुक्त हो चुका है उन्होंने साफ कहा कि जब तक भारत में भगवान राम, कृष्ण और शिवजी की पूजा होती रहेगी तब तक भारत व सनातन को कोई समाप्त नहीं कर सकता।

कार्यसमिति ने भी यह बात मान ली है कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी पार्टी को भारी पड़ी है इसलिये अब सरकार व संगठन स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रमुखता देने की बात हो रही है। कार्यकर्ताओं से संवाद व सामंजस्य बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। भाजपा कार्यसमिति कार्यकर्ताओं के मध्य उपजे भ्रम व संदेह को दूर करने में कितना सफल हो पायेगी यह तो आने वाला समय बतायेगा किंतु अब मुख्यमंत्री पद को लेकर जो संशय व आगामी रणनीति को लेकर जो संदेह था वह अब दूर हो जाना चाहिये क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही रहेंगे और सरकार व संगठन हिन्दुत्व तथा सनातन की राह पर आगे बढ़ते रहेंगे इसमें कोई संशय या संदेह नहीं रह गया है ।

# चीन के लिए एक खतरनाक पैगाम लेकर आये हैं रिजॉल्व तिब्बत एक्ट के कूटनीतिक मायने

**कमलेश पांडे**

दुनिया के थानेदार अमेरिका ने तिब्बत के मसले पर चीन को जो दो टूक संदेश दिया है, उससे एक बार फिर वह बौखला उठा है और अमेरिकी नेतृत्व के प्रति अपनी आंखें तरेरनी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत-चीन विवाद के समाधान को बढ़ावा देने वाले रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसमें तिब्बत पर चीन के जारी अवैध कब्जे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए दलाईलामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना शर्त सीधी बातचीत की बात कही गई है।

हालांकि, चीन ने इस एक्ट का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला बताया। उसने इस बिल पर अमेरिका से कड़ा विरोध जताया और साफशब्दों में कहा कि यह चीन के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप है। कोई भी व्यक्ति या ताकत, जो चीन को नियंत्रित करने के लिए या दबाने के लिए जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) को अस्थिर करने का प्रयास करेगी, सफल नहीं होगी। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा व विकास हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएगा।

वहीं, इससे उलट निर्वासित तिब्बत सरकार के प्रधानमंत्री सिक्योंग पेम्पा सेरिंग ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर हस्ताक्षर करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का आभार जताते हुए कहा कि यह कानून तिब्बती लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार की बात करता है, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून में है। यह चीन के इस प्रचार व दावे को मंजूर नहीं करता कि तिब्बत कभी चीन का हिस्सा रहा है। यह धर्मगुरु दलाईलामा के आशीर्वाद से हो रहा है।



बता दें कि 1950 के दशक में चीन ने भारत की मूक सहमति पर जब तिब्बत पर अपना कब्जा जमा लिया तो वहां के सर्वोच्च धर्मगुरु यानी चौदहवें दलाईलामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले आये थे, जहां उन्होंने भारत सरकार से शरण मांगी और मिलने के बाद हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में अपनी निर्वासित सरकार स्थापित की। तभी से दलाईलामा से ज्यादा भारत चीन की आंखों में खटक रहा है। भारतीय प्रयासों के बाद 2002 से 2010 तक दलाई लामा के प्रतिनिधियों और चीनी सरकार के बीच नौ दौर की वार्ता हुई, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। अलबत्ता, भारत इस मुद्दे पर भले ही शांत रहा, लेकिन उसके नए मित्र अमेरिका ने उसके दर्द को समझा और एशिया में अपनी राजनीति चमकाने और दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र पर कब्जा जमाने की गरज से चीन के विरोध के बीच रिजॉल्व तिब्बत एक्ट को अमल में ला दिया। इससे पहले जम्मू-कश्मीर पर उसकी भूमिका से लगभग सभी वाकिफ हैं। इसलिए तो उसे दुनिया का थानेदार कहा जाता है। यह कटु सत्य है कि जिस काम को भारत और रूस को करना चाहिए, उसे करने का श्रेय भी अमेरिका ले चुका है।

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गत 12 जुलाई 2024 को तिब्बत सम्बन्धी विधेयक रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसके बाद यह कानून बन गया है। यह प्रस्ताव तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से सम्बन्धित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने वाला है। बकौल बाइडन, मैंने एस.138, तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं तिब्बतियों के मानवाधिकारों को बढ़ावा देने, उनकी विशिष्ट भाषाई, सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए संसद के दोनों सदनों की प्रतिबद्धता को साझा करता हूँ। मेरा प्रशासन चीन से दलाईलामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी शर्त के सीधी बातचीत शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेद दूर किये जा सकें और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके।

रिजॉल्व तिब्बत एक्ट में कहा गया है कि चीन की नीतियां तिब्बत के लोगों की जीवनशैली को संरक्षित करने की क्षमता को दबाने की कोशिश कर रही हैं। इसलिए यह कानून चीन के इस दावे को खारिज करता है कि तिब्बत प्राचीन काल से उसका हिस्सा रहा है। इस एक्ट में चीन से तिब्बत के इतिहास के बारे में गलत व भ्रामक प्रचार बन्द करने की मांग की है। यह कानून चीन के भ्रामक दावों से निपटने के लिए अमेरिका के विदेश विभाग को भी नए अधिकार देता है। स्पष्ट है कि तिब्बत प्राचीन काल से चीन का नहीं, बल्कि भारत का पड़ोसी रहते हुए कभी कभार उसका अभिन्न अंग भी रहा है। पहले भारत के डाक वहां जाते थे और भारतीय मुद्रा भी वहां चलती थी। यह बात अलग है कि जब जब भारत के शासक कमजोर हुए तो तब तब वह स्वायत्त या स्वतंत्र देश बन गया। हालांकि आजादी के बाद पंचशील के सिद्धांतों का गला घोंटते हुए चीन ने साल 1959 में जिस तरह से तिब्बत को जबरन अपने भूभाग में मिला लिया और तत्कालीन भारतीय नेतृत्व 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' के गफलत में रहकर उसकी इस ओछी कार्रवाई का विरोध तक नहीं किया, वह एक अदूरदर्शी कदम साबित हुआ और उसकी कीमत आजतक भारत चुका रहा है। अलबत्ता, अमेरिका के नए पैंतरे से साफ है कि अंदरखाने में उसने भारत का विश्वास जरूर हासिल किया होगा। क्योंकि चीन जिस तरह से भारत के अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकते हुए उसे दक्षिणी तिब्बत का भूभाग करार देता है, उसके परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी कानून ने यह साफ कर दिया है कि जब तिब्बत ही चीन का हिस्सा नहीं है तो फिर भारतीय भूभाग पर उसका दावा वाकई फर्जी है।

वहीं, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चीनी हरकतें भी स्वीकार्य नहीं हो सकती हैं। नेपाल से लेकर भूटान की सीमा तक जो उसकी हरकतें हैं, उसके मद्देनजर रिजॉल्व तिब्बत एक्ट को चीनी चालों पर एक करारा तमाचा भी समझा जा सकता है, जो भारत ने अपने नए और रणनीतिक दोस्त से दिलवाई है। अब भी यदि चीन नहीं चेतेगा तो तिब्बत का उसके हाथ से फिसलना तय है।

अमेरिका ने जिस तरह से रूस को यूक्रेन में उलझाया, उसी तरह से अब वह चीन को तिब्बत में उलझायेगा। क्योंकि ताइवान और दक्षिण चीन सागर में चीन को घेरने से अच्छा है तिब्बत पर घेरना, ताकि दो मोर्चे पर एक साथ उलझने की गलती वह कर बैठे। अब भारत को भी चाहिए कि चीनी विश्वासघात का बदला ले और तिब्बत मुक्ति संग्राम को शह प्रदान करके अपने ऐतिहासिक भूल को सुधारे, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में भारत के खिलाफ चीन भी तो पाकिस्तान के साथ मिलकर वही कुटिल चाल चलता आया है। इसलिए जैसे को तैसा की तर्ज पर भारत को अमेरिका के साथ मिलकर चीन को कड़ा जवाब जरूर देना चाहिए।

स्पष्ट है कि रिजॉल्व तिब्बत एक्ट चीन के लिए एक खतरनाक पैगाम लेकर आया है। इसके कूटनीतिक मायने इस बात की चुगली कर रहे हैं कि पर्ल/रिंग पॉलिसी के माध्यम से भारत को घेरते रहने की अनवरत चाल चलते रहने वाला चीन अब खुद ही तिब्बत के मसले पर अमेरिकी जाल में फंसकर तड़फड़ाने वाला है, क्योंकि अमेरिका एक बार जो ठान लेता है, उसे पूरे करके ही चैन की सांस लेता है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान के अलावा तिब्बत को उसने चीन के खिलाफ नया मोहरा बनाया है, जो असरकारक साबित होगा, आज नहीं तो निश्चय कल!

हिंदू धर्म के अनुयायी तथा हिंदू धर्म में विश्वास रखने वाले लोग सौर वर्ष के पांचवें महीने को 'श्रावण' के रूप में मनाते हैं। इसे एक पवित्र महीना माना जाता है जिसमें भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है।

# सावन के महीने में अगर पाना है अच्छा भाग्य तो जानें क्या करें और क्या ना करें

श्रावण पूर्णिमा से प्रारंभ होता है तथा इस दौरान सूर्य सिंह राशि में प्रवेश करता है। इस महीने में कई हिंदू लोग उपवास रखते हैं। विशेष रूप से सोमवार को व्रत रखा जाता है जो भगवान शिव को समर्पित होता है तथा इसे 'श्रावण सोमवार व्रत' कहा जाता है। कुछ लोग मंगलवार को भी उपवास करते हैं जिसे 'मंगलागौरी व्रत' कहा जाता है।

हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार निम्न तरीकों से आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं तथा दुर्भाग्य और बुरी शक्तियों से बच कर रह सकते हैं।



### 1. सुबह जल्दी उठकर पूजा अर्चना करें

सुबह सूर्योदय के पहले उठकर स्नान करें और पास के शिव मंदिर में जाएँ। शिवलिंग पर ठंडे दूध और पानी का मिश्रण चढाएं तथा साथ में 'ॐ नमः शिवाय' का जप करते रहें।

### 2.प्रतिदिन शिवलिंग की पूजा करें

घर में सिद्ध पारद शिवलिंग (पारे से बना हुआ शिवलिंग) लायें तथा श्रावण के महीने में प्रतिदिन इसकी पूजा करें। इसे ठंडे दूध से नहलाएं तथा फिर ठंडे पानी से नहलाएं। इसे साफ करें तथा भगवान को बिल्व पत्र (बेल के पत्ते) और मिश्री चढाएं।

### 3.मछलियों को खाना खिलाएं

नियमित रूप से किसी झील, तालाब या नदी पर या ऐसी जगह जाएँ जहाँ पानी के जीव निवास करते हों तथा जीवों को आटे की गोलियाँ खिलाएं। मछलियों को खिलाते समय भगवान शिव का ध्यान करें। ऐसा कहा जाता है कि ऐसा करने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती है।

### 4.प्रतिदिन महामृत्युंजय जाप करें

ऐसे लोग जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आ रही हैं उन्हें प्रतिदिन महामृत्युंजय का 108 बार जाप करने से लाभ होता है। जिन लोगों को संभव हो वे प्रत्येक श्रावण सोमवार को महामृत्युंजय हवन करें।

### 5.यदि शादी में देरी हो तो ऐसा करें

यदि वैवाहिक जीवन में समस्याएं आ रही हैं या शादी में देरी हो रही है तो आपको शिवलिंग पर केसर युक्त दूध अर्पित करना चाहिए। ऐसा विश्वास है कि ऐसा करने से संबंधों में आने वाली सारी रुकावटें दूर हो जाती हैं तथा आपको भगवान शिव और देवी पार्वती का आशीर्वाद मिलता है।

### क्या न करें

- कुछ ऐसे बातें है जिन्हें श्रावण के महीने में नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से आपन केवल नकारात्मक उर्जा को आकर्षित करते हैं बल्कि आपके घर से शांति और समृद्धि भी चली जाती है।
- मांसाहार तथा शराब का सेवन न करें
- श्रावण के महीने में मांसाहार न करें तथा शराब का सेवन भी न करें।
- सांप को न मारें। श्रावण के महीने में सांप को न मारें। भगवान शिव को सांप अत्यंत प्रिय है।

# बुधवार को गणेशजी के परिवार की पूजा से सभी तरह की बाधाएं दूर होती हैं



ऋद्धि और सिद्धि इनकी पत्नियां हैं, ऋद्धि से लाभ एवं सिद्धि से शुभ हुए यानि लाभ और शुभ ये इनके दो पुत्र माने जाते हैं। हर शुभ कार्य में भगवान श्री गणेश की पूजा की जाती है।

**हिन्दू** संस्कृति और पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। गणपति की महिमा को सभी जानते हैं और यह भी जानते हैं कि वे माता पार्वती और भगवान शिव के पुत्र हैं। लेकिन बहुत कम लोग हैं जो इससे आगे गणेश के परिवार के बारे में जानते हैं, उनकी पत्नी और बच्चों के बारे में जानते हैं। जी हां भगवान श्री गणेश की पत्नियां भी हुई और बच्चे भी। मान्यता है कि यदि बुधवार के दिन इनके परिवार की पूजा की जाये तो भगवान श्री गणेश की कृपा अवश्य मिलती है।

प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जानी अनिवार्य बताई गयी है। देवता भी अपने कार्यों की बिना किसी विघ्न के पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि देवगणों ने स्वयं उनकी अग्रपूजा का विधान बनाया है। शास्त्रों में एक बार जिक्र आता है कि भगवान शंकर त्रिपुरासुर का वध करने में जब असफल हुए, तब उन्होंने गंभीरतापूर्वक विचार किया कि आखिर उनके कार्य में विघ्न क्यों पडा। तब महादेव को ज्ञात हुआ कि वे गणेशजी की अर्चना किए बगैर त्रिपुरासुर से युद्ध करने चले गए थे। इसके बाद शिवजी ने गणेशजी का पूजन करके उन्हें लड्डुओं का भोग लगाया और दोबारा त्रिपुरासुर पर प्रहार किया, तब उनका मनोरथ पूर्ण हुआ।

सनातन एवं हिन्दू शास्त्रों में भगवान गणेश जी को, विघ्नहर्ता अर्थात सभी तरह की परेशानियों को खत्म करने वाला बताया गया है। पुराणों में गणेशजी की भक्ति शनि सहित सारे ग्रहदोष दूर करने वाली भी बताई गई हैं। हर बुधवार के शुभ दिन गणेशजी की उपासना से व्यक्ति का सुख-सौभाग्य बढता है और सभी तरह की रुकावटे दूर होती हैं।

# शुक्रवार को करें मां लक्ष्मी का ये अदभुत पूजन और मंत्र का जाप, कभी नहीं होंगे धन अभाव

शक्रवार को मां लक्ष्मी का दिन होता है और माना जाता है कि मां लक्ष्मी की पूजा से इंसान को धन की प्राप्ति होती है। अगर आप काफी समय से आर्थिक तंगी में है तो अपने काम के साथ साथ मां लक्ष्मी का इस तरह पूजन अवश्य करें । शास्त्रों के अनुसार लक्ष्मी को चंचला कहा जाता है अर्थात जो कभी एक स्थान पर रुकती नहीं।



**इन** आठ लक्ष्मी की साधना करने से मानव जीवन सफल हो जाता है। अष्ट लक्ष्मी और उनके मूल बीज मंत्र इस प्रकार है। अष्ट लक्ष्मी साधना का उदेश जीवन में धन के अभाव को मिटा देना है।

शक्रवार को मां लक्ष्मी का दिन होता है और माना जाता है कि मां लक्ष्मी की पूजा से इंसान को धन की प्राप्ति होती है। अगर आप काफी समय से आर्थिक तंगी में है तो अपने काम के साथ साथ मां लक्ष्मी का इस तरह पूजन अवश्य करें । शास्त्रों के अनुसार लक्ष्मी को चंचला कहा जाता है अर्थात जो कभी एक स्थान पर रूकती नहीं। अत: लक्ष्मी अर्थात धन को स्थायी बनाने के लिए कुछ उपाय, पूजन, आराधना, मंत्र-जाप आदि का विधान है।

ऋषि विश्वामित्र के कठोर आदेश अनुसार लक्ष्मी साधना गोपनीय एवं दुर्लभ है तथा इसे गुप्त रखना चाहिए। ऐसा शास्त्रोक्त वर्णित है के समुद्र-मंथन से पूर्व सभी देवता निर्धन और ऐश्वर्य विहीन हो गए थे तथा लक्ष्मी के प्रकट होने पर देवराज इंद्र ने महालक्ष्मी की स्तुति की, जिससे प्रसन्न होकर महालक्ष्मी ने देवराज इंद्र को वरदान दिया कि तुम्हारे द्वारा दिए गए द्वादशाक्षर मंत्र का जो व्यक्ति नियमित रूप से प्रतिदिन तीनों संध्याओं में भक्तिपूर्वक जप करेगा, वह कुबेर सदृश ऐश्वर्य युक्त हो जाएगा।

ऐसा शास्त्रों में वर्णन आता है के महालक्ष्मी के आठ स्वरुप है। लक्ष्मी जी के ये आठ स्वरुप जीवन की आधारशिला है। इन आठों स्वरूपों में लक्ष्मी जी जीवन के आठ अलग-अलग वर्गों से जुडी हुई हैं। इन आठ लक्ष्मी की साधना करने से मानव जीवन सफल हो जाता है। अष्ट लक्ष्मी और उनके मूल बीज मंत्र इस प्रकार है।

अष्ट लक्ष्मी साधना का उद्देश जीवन में धन के अभाव को मिटा देना है। इस साधना से भक्त कर्जे के चक्क्र्ह्यु से बहार आ जाता है। आयु में वृद्धि होती है। बुद्धि कुशाग्र होती है। परिवार में खुशाहाली आती है। समाज में सम्मान प्राप्त होता है। प्रणय और भोग का सुख मिलता है। व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा होता है और जीवन में वैभव आता है।

**श्री आदि लक्ष्मी** - ये जीवन के प्रारंभ और आयु को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ श्रीं।।

**श्री धान्य लक्ष्मी** - ये जीवन में धन और धान्य को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ श्रीं क्लीं।।

**श्री धैर्य लक्ष्मी** - ये जीवन में आत्मबल और धैर्य को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं।।

**श्री गज लक्ष्मी** - ये जीवन में स्वास्थ और बल को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं।।

**श्री संतान लक्ष्मी** - ये जीवन में परिवार और संतान को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ हीं श्रीं क्लीं।।

**श्री विजय लक्ष्मी यां वीर लक्ष्मी** - ये जीवन में जीत और वर्चस्व को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ क्लीं ॐ।।

**श्री विद्या लक्ष्मी** - ये जीवन में बुद्धि और ज्ञान को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ ऐं ॐ।।

**श्री ऐश्वर्य लक्ष्मी** - ये जीवन में प्रणय और भोग को संबोधित करती है तथा इनका मूल मंत्र है - ॐ श्रीं श्रीं।।

**ॐ श्रीं श्रियै नमः।**
**श्रीं हीं क्लीं ऐं कमलवासिन्यै स्वाहा ।**
**ॐ श्रीं हीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं हीं श्रीं ॐ महालक्ष्म्यै नमः।**

## अष्ट लक्ष्मी साधना विधि:

शुक्रवार की रात तकरीबन 09:00 बजे से 10:30 बजे के बीच गुलाबी कपडे पहने और गुलाबी आसान का प्रयोग करें। गुलाबी कपडे पर श्रीयंत्र और अष्ट लक्ष्मी का चित्र स्थापित करें। किसी भी थाली में गाय के घी के 8 दीपक जलाएं। गुलाब की अगरबत्ती जलाएं। लाल फूलो की माला चढाएं। मावे की बर्फी का भोग लगाएं। अष्टगंध से श्रीयंत्र और अष्ट लक्ष्मी के चित्र पर तिलक करें और कमलगट्टे हाथ में लेकर इस मंत्र का यथासंभव जाप करें।

मंत्र: ऐं हीं श्रीं अष्टलक्ष्मीयै ह्रीं सिद्धये मम गृहे आगच्छागच्छ नमः स्वाहा।।

जाप पूरा होने के बाद आठों दीपक घर की आठ दिशाओं में लगा दें तथा कमलगट्टे घर की तिजोरी में स्थापित करें। इस उपाय से जीवन के आठों वर्गों में सफलता प्राप्त होगी।

### श्री महालक्ष्मी पूजन के सरल मंत्र

महालक्ष्मी का पूजन सुख-समृद्धि की प्राप्ति कराता है। वैभव लाता है। महालक्ष्मी के पूजन में निम्न में से किसी भी एक मंत्र का जप 108 बार करना चाहिए।

श्री महालक्ष्मी के पूजन के सरल मंत्र

महालक्ष्मी पूजन के दो सरल मंत्र हैं। जिनका उच्चारण भी सरल है। महालक्ष्मी की प्रसन्नता के लिए रोज इन मंत्रों का जप किया जा सकता है।

**श्री महालक्ष्म्यै नमः।**

**ॐ महालक्ष्म्यै नमः।**

**श्री महालक्ष्मी के अन्य मंत्र-**

शास्त्रों में देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने के कई मंत्र हैं। जिनमें से तीन मंत्र इस प्रकारहैं। इन मंत्रों को तीव्र असरकारी कहा गया है।

लेकिन उच्चारण में कठिन है। इसलिए प्रशिक्षित होने पर ही इन मंत्रों का जाप करें।

# एकाग्रता के लिए घर में हो वास्तु

**जॉब** हासिल करना सभी की ख्वाहिश होती है, लेकिन इसके लिए वर्तमान में कई तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करना होता है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है। ऐसे में आप जहां बैठकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं क्या वो बेहतर हैं यहां बेहतर से आशाय वास्तु से हैं। यहां ऐसे ही कुछ वास्तु टिप्स मौजूद है, जिन्हें आप आजमाते हैं तो संभव है आपकी एकाग्रशक्ति बढेगी और आप प्रतियोगी या अन्य परीक्षाओं में बेहतर अंक हासिल कर सकते हैं।

जहां भी पढने बैठें, उस स्थान को हमेशा साफरखें। स्टडी रूम हमेशा घर में पश्चिम या ईशान कोण में ही बनाना चाहिए। घर के नैऋत्य व आग्नेय कोण में बैठकर कभी भी पढाई न करें। पढते समय आपकी पीठ दरवाजे की तरफनहीं होनी चाहिए। ध्यान रखें पढते समय मुंह पूर्व या उत्तर दिशा की ओर ही हो। जिस भी रूप में पढते हों उस वह रूम पीले, क्रीम या नार्मल ब्राइट रंगों से पेंट होना चाहिए। ऐसे में आपकी एकाग्रता बनी रहेगी। स्टडी रूम में दौडते घोडों, और प्रेरक वाक्यों की तस्वीर लगाएं। ऐसे में ध्यान भटकने पर भी ध्यान केंद्रित होने में वक्त नहीं लगेगा।



हम सभी चाहते हैं कि हमारा घर ऐसा बना हो, जो पूरी तरह से वास्तु के हिसाब से हो तथा घर में हमेशा सकारात्मकता आए और उसमें रहने वाले हर व्यक्ति की तरक्की हो।

# घर में धन की वर्षा होने लगेगी अगर वहां से तुरंत हटा देंगे ये चीजें

**मगर** कई बार होता यह है कि हमारा घर तो वास्तु केहिसाब से ही बना होता है, मगर हम उसमें रखी कुछ चीजों पर ध्यान नहीं दे पाते, जो हमारे घर के विनाश का कारण बन जाती है। वास्तु के अनुसार, घर में कई ऐसी चीजें होती हैं, जिसका बुरा असर सीधे आपके पैसों पर पडता है।

इन चीजों को हटाने पर अगर आपने ध्यान नहीं दिया तो, आप कब गरीबी के रास्ते चले जाएंगे, आपको खुद ही मालूम नहीं पडेगा।

घर आपका चाहे जैसा हो, पर अगर आप उसमें से इन चीजों का सफाया कर देंगे तो, आप जीवन भर खुश और पैसे वाले बनें रहेंगे। आइये जानते हैं क्या हैं वे चीजें।

### कबूतर का घोंसला

यह कहा जाता है कि घर में कबूतर का घोंसला होने गरीबी के साथ-साथ घर में अस्थिरता भी आ जाती है। अगर आपके घर में ऐसा ही एक घोंसला है, तो रसे घर से दूर रख दें।

### मधुमक्खी का छत्ता

एक मधुमक्खी का छत्ता आप के लिए ना सिर्फ खतरनाक ही है, बलकि यह घर में दुर्भाग्य और गरीबी को आकर्षित करता है। इसे घर से जल्द से जल्द दूर करें।

### मकडी का जाला

घर में मकडी का जाला आपके जीवन में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं का संकेत है --- तुरंत इसे हटाएं और अपने घर को साफकरें।

### टूटा शीशा

यह ना खराब वास्तू का प्रतीक है बलकि यह घर में निगेटिव एनर्जी को भी आकर्षित करता है। इससे घर में गरीबी बनी रहती है।

### चमगादड

चमगादड खराब स्वास्थ्य, दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों, गरीबी या यहां तक कि मौत के पदाधिकारी माने माने जाते हैं। यदि आप कि क्षेत्र में चमगादड दिखते हैं, तो सूर्यास्त के बाद सभी खिडकियां और दरवाजे सील कर दें, जिससे वह घर के अंदर ना आ पाएं।

### दीवार में सेंध

दीवर में दरार या सेंध को तुरंत ठीक करवाएं नहीं तो घर में गरीबी आती है।

### टपकने वाले नल

टपकने वाले नल ना सिर्फ पानी वेस्ट करते हैं बलकि घर की सकारात्मक ऊर्जा को घर के बाहर घसीटने का काम भी करते हैं।



### घर की छत पर रखा कबाड

अक्सर लोगों की घरों की छतों पर कूडा या पुराना फर्नीचर पडा होता है, जिसे तुरंत साफ करना चाहिये नहीं तो गरीबी वास करने लगती है।

### पुराने पूजा के फूल

रोज भगवान की पूजा करते समय जो फूल आप उन्हें चढाती हैं, वह दूसरे दिन पुराने हो जाते हैं। उस जगह को रोज साफकर के फूलों को हटा दिया कीजिये। नहीं तो इससे घर में गरीबी वास करने लगती है।

### सूखी पततियां


घर में लगे पेड पौधों की सूखी पततियों को काट कर अलग कर दिया करें। साथ ही घांस-फूंस को झाडू मार कर बाहर फेक दिया करें नहीं तो गरीबी आ सकती है।

### लूज हुआ तार

घर में लूज या खराब तार नहीं रखना चाहिये। या फिर घर का कोई भी एलेक्ट्रिक अप्लायंस अगर काम करना बंद कर दे तो या तो उसे तुरंत रिपेयर करवाएं या फिर उसे घर से हटा दें।

# भगवान कल्कि ही नहीं गणेश भी लेंगे अवतार

जब जब पृथ्वी पर दैत्यों के आतंक का साया रहा तब तब भगवान विष्णु, शिव, माता पार्वती यहां अवतरित हुए। भगवान गणेश भी चारों युगों में अवतरित हुए हैं।



**सतयुग** में गणेश जी महोत्कट विनायक के नाम से, त्रेतायुग में मयूरेश्वर, द्वापर युग में शिवपुत्र गजानन के नाम से अवतरित हुए।



और इस तरह पृथ्वी के अंत में जब भगवान कल्कि अवतरित होंगे उसी दौरान भगवान गणेश धूम्रकेतु रूप में अवतरित होंगे। इस बात का उल्लेख हमारे हिंदू धर्म ग्रंथों में मिलता है।

### ये हैं गणेश परिवार

भगवान गणेश के पिता भोलेनाथ हैं। मां पार्वती उनकी मां है। भगवान मुरुगन यानी कार्तिकेय उनके भाई हैं, और गजानन की बहन अशोक सुंदरी हैं। भगवान गणेश की दो पत्नियां हैं रिद्धि और सिद्धि। हालांकि दक्षिण भारत में गणेश जी को ब्रहमचारी के रूप में पूजा जाता है। गणेश जी के दो पुत्र हैं शुभ और लाभ।

उन्हें मोदक प्रिय है। लाल रंग के फूल से गणेशजी जल्द प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा उन्हें दुर्वा, शमी पत्र भी अर्पित करना चाहिए। गणेश जी के अस्त्र पाश और अकुश हैं। और वाहन मूषक।

### बुद्धि के लिए रोज करें इन नामों का पाठ

हिंदू पौराणिक ग्रंथो में उल्लेखित है। यदि भगवान गणेश के इन बारह नामों का रोज पाठ करें तो बुद्धि, गृहक्लेश और समृद्धि आपके घर में रहेंगी। यह नाम क्रमशः सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र, विघ्नराज, द्वैमातुर, गणाधिप, हेरम्ब, गजानन।

## संक्षिप्त समाचार

### कमिश्नर डॉ. अलंग की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित



**बिलासपुर/** कमिश्नर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आज यहां उनके कार्यालय के सभाकक्ष में सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय की जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। कमिश्नर ने अस्पताल को आबंटित भूमि के समुचित उपयोग के लिए अधोसंरचना विकास के लिए कार्ययोजना बनाने पीडब्ल्यूडी विभाग को कहा। फायर सेफ्टी यंत्र लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने अस्पताल में मरीजों के बैठने के लिए शेड बनाने कहा। उन्होंने परिसर में वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा अस्पताल के सभी वार्डो की खिड़कियों में मच्छर जाली लगवाने भी कहा। अस्पताल संचालन के लिए पूर्व में खर्च किए गए जरूरी 4 लाख 27 हजार 302 रूपये की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में अधीक्षक ने अस्पताल का प्रतिवेदन एवं पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिदिन लगभग 109 मरीजों का ओपीडी में इलाज किया जा रहा है एवं आईपीडी में 04 मरीजों की भर्तियां की जाती है। विगत 6 माह में अस्पताल के जरिए 17 हजार 614 बाह्य रोगियों एवं 729 अंत: रोगियों का इलाज किया गया। बैठक में एडीएम श्री आर.ए.कुरूवंशी, अस्पताल अधीक्षक, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता श्री सीके पांडे, संयुक्त संचालक समाज कल्याण श्रीमती श्रद्धा मैथ्यु सहित समिति के सदस्य, अधिकारी मौजूद थे।

### भारती एयरटेल फाउंडेशन ने 'भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम' लॉन्च किया

**नई दिल्ली:** भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन अपने 25 साल पूरे होने के उपलक्ष में, 'भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम' लांच कर रही है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विद्यार्थियों की योग्यता और उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि दोनों को ध्यान में रखते हुए, आईआईटी सहित 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' (एनआईआरएफ) के मानकों के अनुसार शीर्ष स्तरीय रैंकिंग प्राप्त 50 (इंजीनियरिंग) कॉलेजों में, प्रौद्योगिकी आधारित इंजीनियरिंग के स्नातक स्तरीय और एकीकृत कार्यक्रमों (5 वर्ष तक) में भागीदारी करने वाली में लड़कियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के योग्य विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह अगस्त 2024 में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों पर लागू होगा। इस वर्ष 250 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के साथ से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को, विद्यार्थियों के ऐसे प्रत्येक समूह में इसका सफल कार्यान्वयन होने पर भविष्य में इससे लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या को धीरे-धीरे बढ़ाने का उद्देश्य रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। कार्यक्रम के चरम पर पहुंचने पर प्रति वर्ष ?100+ करोड़ के परिव्यय के साथ इसके माध्यम से 4,000 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। पूरी तरह से वित्त पोषित छात्रवृत्ति की परिकल्पना ऐसी वित्तीय बाधाओं को दूर करने के लिए की गई है, जो मेधावी विद्यार्थियों, विशेष रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने में बाधा डालती हैं। यह छात्रवृत्ति उन विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय ?8.5 लाख से अधिक नहीं होगी। भारती एयरटेल छात्रवृत्ति, एनआईआरएफके मानकों के अनुसार शीर्षस्तरीय 50 (इंजीनियरिंग) कॉलेजों में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर विज्ञान, डेटा विज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों (एआई, आईओटी, एआर/वीआर, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स) के क्षेत्र में स्नातक और एकीकृत पाठ्यक्रमों पर केंद्रित होगी। इस छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ताओं को 'भारती स्कॉलर्स' के रूप में जाना जाएगा। वे अपने पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान कॉलेज की फीस की 100त्न प्रतिपूर्ति प्राप्त करेंगे और उन्हें लैपटॉप भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इसके लिए आवेदन करने वाले सभी पात्र विद्यार्थियों को हॉस्टल और मेस फीस की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी। हम चाहते हैं कि योग्य विद्यार्थियों को हर साल बारहों महीन यह सुविधा मिलती रहे और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिले इसलिए हम भारती स्कॉलर्स को प्रोत्साहित करेंगे कि वे स्नातक होने और बाद में लाभकारी रूप से नियोजित होने के बाद, स्वेच्छा से, कम से कम 1 विद्यार्थी की निरंतर सहायता करने की जिम्मेदारी उठाएं। यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली और लंबे समय तक कारगर सिद्ध होने वाली पहल कई विद्यार्थियों के जीवन को सफल बनाएगी और युवाओं को भारत के आर्थिक अवसरों और विकास में भाग लेने में सक्षम बनाएगी।

# राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बेंगलुरु में

### सुखदेव ने 2 स्वर्ण पदक व नोशन पटेल ने 1 कांस्य पदक जीता




**महासमुंद ( समय दर्शन )।** पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफइंडिया द्वारा 13 वीं नेशनल सब जूनियर एवं जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन श्री कांतिरावा आऊटडोर स्टेडियम बेंगलुरु में 15 से 17 जुलाई 2024 तक आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की दल से कुल 6 पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए। राज्य दल के प्रशिक्षक व मैनेजर निरंजन साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की टीम में महासमुंद जिले से सुखदेव केंवट, नोशन लाल पटेल, दिनेश पटेल, निखिल यादव, जिला बालोद से उदयराम कुमार निषाद, सूरजपुर जिले से यशोदा राजवाड़े शामिल हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य कुल 6 पदक जीतने में सफल रहें। महासमुंद जिले से सुखदेव ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, जिले के नोशन लाल पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया। कलेक्टर मलिक ने सुखदेव एवं नोशन पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विदित हो कि जिले के फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सुखदेव केंवट और निखिल यादव का चयन हॉल ही में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) बेंगलूरू में हुआ हैं। जो जुलाई माह से आवासीय राष्ट्रीय अकादमी में प्रवेश लेकर नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिले के खिलाड़ियों को नेशनल चैंपियनशिप बेंगलुरु में पदक जीतने पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर, छत्तीसगढ़ पैरा एथलेटिक्स संघ के सचिव डिकेश टंडन, जिला पैरा एथलेटिक्स संघ से तोरण यादव, विश्वनाथ पाणिग्रही, भेख लाल साहू, अतुल बग्गा, डॉ. विकास अग्रवाल, अध्यक्ष फॉर्च्यून फाउंडेशन निरंजन साहू एवं समस्त शाला परिवार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

## मनोरंजन के हब सुभारती टीवी के री-लॉन्च पर उपासना सिंह सहित कई हस्तियाँ पहुंचीं



**मुम्बई।** आध्यात्मिक, पारिवारिक, हास्य मनोरंजन से भरपूर फिल्मों और धारावाहिकों के लिए लोकप्रिय चैनल सुभारती टीवी को मुम्बई में हुए एक भव्य समारोह में री लॉन्च किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य गुरु भाग्यश्री जी, ?क्ट्रेस उपासना सिंह, पंकज सिंह ठाकुर, रकम सिंह राणा, हरीश कुमार, शुएब साबरी, के डी वालिया, उमेद सिंह, हेलन कपूर सहित कई हस्तियां उपस्थित रहीं। सुभारती टीवी मनोरंजन का हब माना जा रहा है जिसपर क्वालिटी कंटेंट दिखाया जाता है। इस अवसर पर सुभारती टीवी की ओर से एक धारावाहिक का निर्माण करने के लिए उपासना सिंह को अलाओ लेटर दिया गया। जल्द ही वह इस चैनल के लिए सीरियल बनाएंगी। बता दें कि सुभारती टीवी चैनलों की इस भीड़ में एकमात्र ऐसा चैनल है जो दर्शकों को धर्म और अध्यात्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता आ रहा है। यह चैनल टाटा स्काई के चैनल न. 1082 और एयरटेल के चैनल नं. 698 के साथ साथ जियो टीवी पर भी उपलब्ध है। इसके धारावाहिक दर्शकों द्वारा काफी सराहे जा रहे हैं। सुभारती चैनल करोड़ों दर्शकों के पास सीधे पहुंच रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन, यूटयूब, फेसबुक, वेबसाइट जैसे माध्यम से भी यह टीवी चैनल बहुत बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच रहा है और भारतीय सभ्यता व संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है। सुभारती टीवी नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उल्लेखनीय कि इस चैनल से देश के विख्यात कथावाचक, श्रीमद्भागवत, श्रीराम कथा के साथ-साथ शिवमहापुराण, गौकथा इत्यादि के द्वारा जुड़े हुए हैं तथा अपने ज्ञान भरे विचारों से दर्शकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। सुभारती टीवी वास्तव में एंटरटेनमेंट का हब है। एसएमएल ब्रॉडकास्टिंग के डायरेक्टर रकम सिंह राणा, सुरजीत सिंह, केडी कर्णवाल वालिया द्वारा मनोरंजन के क्षेत्र में सुभारती टीवी का संचालन किया जाएगा।

## सीडीएसएल आईपीएफ ने बालोद में महिलाओं को आत्मनिर्भर निवेशक बनने और सशक्त बनाने के लिए निवेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



**रायपुर (समय दर्शन)।** सीडीएसएल इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड (सीडीएसएल आईपीएफ) ने छत्तीसगढ़ के बालोद में महिला खुदरा निवेशकों के लिए एक निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता में सुधार लाने और महिलाओं को सही निवेश निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता मिलेगी। सत्र में निवेश के मूल सिद्धांतों पर चर्चा की गई और वक्ताओं ने निवेश अवधारणाओं को सरल बनाया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पहल व्यापक दर्शकों तक पहुंचे, कार्यक्रम अंग्रेजी और हिंदी दोनों में आयोजित किया गया था। चूंकि निवेशक शिक्षा पूंजी बाजार में वित्तीय समावेशन प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए सीडीएसएल आईपीएफ का लक्ष्य निवेशकों को पूंजी बाजार की जटिलताओं को आत्मविश्वास के साथ पहचानने और ष्आत्मनिर्भरनिवेशक बनने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

## परामर्श दात्री सामिति की बैठक में स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ ने आयुक्त को बताई समस्या

### स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ ने आयुक्त को चर्चा के दौरान सौंपा मांग पत्रः

**दुर्ग (समय दर्शन)।** नगर पालिक निगम।आज स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से मुलाकात कर कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत कराया है।स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय मिश्रा,महामंत्री अनिल सिंह के नेतृत्व में गई टीम ने इस दौरान कर्मचारियों के लंबित कई योजना व मामलों को भी निष्पादित करने की मांग की। कहा कि हम सभी कर्मचारियो के बकाया जी.पी.एफ/सी.पी.एफ अतिशीघ्र जमा कराया जावे।शासन के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान प्रत्येक माह 07 तारीख तक किया जावें,एवं वेतन के साथ जीपीएफ/सीपीएफ भी जमा कराया जावे।चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रत्येक डेढ़ वर्ष मे वर्षों में वर्दी एवं 03 वर्षों में गरम कपडा दिये जाने का प्रावधान है, लेकिन लगभग 06 वर्षों से वर्दी एवं गरम कपडा प्रदान नही किया गया। अत: प्रदाय किया जावे।नवीन पद संरचना जो शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जिसकी स्वीकृति अप्राप्त है, उसके लिए पुनः स्मरण पत्र भेजा जावे। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से निवेदन करते हुए अध्यक्ष संजय मिश्रा व महामंत्री अनिल सिंह ने कहा कि परामर्श दात्री समिति की बैठक प्रति 02 माह में आयोजित की जावे।बैठक के मौके पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए लंबित आवेदनों पर अतिशीघ्र विचार कर निराकरण किया जावे।कर्मचारियों का लंबित उपादान भुगतान किया जावे।नगर निगम क्षेत्र में स्थित विवेकानंद सभागार, कुशाभाउ ठाकरे भवन, बैगापारा स्टेडियम निगम के कर्मचारियों को उनके परिवार में होने वाले वैवाहिक कार्यकम एवं अन्य कार्यकम हेतु नि:शुल्क दिया जावे। कर्मचारी/अधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर उसी तिथि को उन्हे अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान किया जाये।रिक्त पदों पर पदोन्नित अतिशीघ्र किया जावे।बैठक के मौके पर स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ नगर पालिक निगम के अध्यक्ष संजय मिश्रा,महामंत्री अनिल सिंह,शुभम गोइर,शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा,उमेश यादव, राजू चन्द्राकर गंगाधर ठाकरे रामखिलावन शर्मा,योगेंद्र वर्मा,ठाकरे,चंद्रकला कसार सहित आदि मौजूद रहे।



## शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण, कलंगपुर के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही में शिकायत की



कलंगपुर / गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कलंगपुर सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा के द्वारा शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए कलंगपुर के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही में शिकायत करते हुए ज्ञानेश्वर साहू सुखचरण साहू नारायण चंदन कुशलराम साहू वकील चंदन हेमलाल साहू इंद्रजीत कुल्हारे पन्नालाल साहू उग्रसेन साहू गिरधर धनकर घोण्डुल महतो धनीराम साहू आनंद राम साहू गणेशराम सिन्हा गैंदूराम सिन्हा टिकू साहू संहित सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पत्र सौंपा गया था जिन पर विभागीय अधिकारी ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए तहसील न्यायालय द्वारा सरपंच का मकान निर्माण कार्य पर स्थगन आदेश जारी किया गया। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा ने अपना पद का दुरुपयोग करते हुए अवैधानिक रुप से अतिक्रमण करते हुए अपने पुराने मकान के सामने गांव के मुख्य गली में मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है जो कि अनुचित है जहां पर सरपंच द्वारा मकान बनाया जा रहा है गांव का मुख्य गली व सांस्कृतिक मंच से लगा हुआ है जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है साथ ही उक्त गली से हाईस्कूल अस्पताल बिजली आफिस एवं गौठान जाने हेतु मुख्य गली है जो कि अतिक्रमण के चलते गली मार्ग बहुत सकरा हो चुका है जिससे ग्रामवासियों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान सरपंच पुष्पा सिन्हा की पति गोविंद सिन्हा भी वर्तमान में ग्राम प्रमुख (गामीण अध्यक्ष) के पद पर हैं गांव वालों का कहना है कि गांव का मुखिया स्वयं के द्वारा अवैध निर्माण करने के कारण अन्य व्यक्तियों के द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर अंकुश लगाना नहीं चाह रहे हैं जबकि उनके पास पर्याप्त भूमि होते हुए भी अतिक्रमण वाली जमीन का पट्टा दिखाकर वहां पर मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है सरपंच का वर्जन / सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा ने कहा कि ग्रामीणों व शिकायतकर्ताओ ने मकान निर्माण कार्य पर अतिक्रमण का आरोप लगाया है वह सर्वथा गलत व निराधार है मकान निर्माण कार्य राज्य सरकार व तहसीलदार गुण्डरदेही द्वारा जारी की गई आबादी पट्टे पर पूर्व काबिज स्थान पर किया जा रहा था।

## एम.आई.सी. बैठक : रिसाली निगम के रिहायशी क्षेत्र और रिक्त भूमि का होगा सर्वे



**रिसाली ( समय दर्शन )।** रिसाली निगम का आधे से ज्यादा वार्ड स्लम क्षेत्र है। कितने क्षेत्रफल में आबादी है, इसका रिकार्ड भी नहीं है। जहां आबादी बसी है वह बी.एस.पी. क्षेत्राधिकार में है। नगर पालिक निगम स्लम क्षेत्र का जल्द ही सर्वे कर आबादी क्षेत्र और रिक्त भूमि का रिकार्ड तैयार करेगी। उक्त निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में महापौर परिषद के सद्स्यों ने ली है। वर्तमान में बड़े प्रोजेक्ट के लिए रिसाली निगम के पास जमीन नहीं है। एम.आई.सी. के सद्स्यों का कहना था कि जो जमीन हस्तांतरण में मिली है उसमें कितनी जमीन खाली है, इस बात की जानकारी नहीं है। बी.एस.पी. के खाली जमीन पर लगातार अतिक्रमण भी हो रहा है। परिषद के सद्स्यों ने निर्णय लिया है कि निगम प्रशासन एक दल का गठन करे, जो वार्डवार आबादी और खाली जमीन की विस्तृत जानकारी तैयार करे। महापौर परिषद की बैठक में चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, चन्द्रप्रकाश सिंह, अनुप डे, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू उपस्थित थे।

**मृत जानवरों के लिए इंसीनरेटर :** वर्षो से नेवई में अघोषित टेऊचिंग ग्राउंड को निगम प्रशासन ने समाप्त कर दिया है। ट्रेचिंग ग्राउंड खत्म होने से मृत पशु को दफ्नाने की समस्या है। यही वजह है कि एनीमल इंसीनरेटर स्टाल करने रिसाली निगम ने राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने निर्णय लिया है। एनीमल इंसीनरेटर ऐसे स्थान में लगाया जाएगा जहां आबादी प्रभावित न हो।

**शारदा विद्यालय के पास बनेगा अटल चैक :** समस्त नगरीय निकाय में अटल चैक का निर्माण प्रस्तावित है। रिसाली निगम क्षेत्र में स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से मामला अधर में अटका था। महापौर परिषद के सद्स्यों ने अटल चैक शारदा विद्यालय के सामने खाली जमीन पर बनाने निर्णय लिया। चैक लगभग 50 लाख से बनेगा।

**जर्जर अवास के बदले नया अवास :** महापौर परिषद ने रिसाली निगम के पुरैना में बने अटल अवास को तोड़कर प्रधानमंत्री अवास योजना के तहत नए अवास बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

**पार्षदों के सुझाव को हरी झंडी :** महापौर शशि सिन्हा ने सभी पाषर्दो से आवश्यकता अनुसार विकास के लिए सुझाव मांगे थे। सभी पाषर्दो ने वाटर ड्रेन निर्माण, सड़क चैड़ीकरण, पॉथवे निर्माण, भवन निर्माण के लिए सुझाव दिया था। परिषद ने सभी पार्षदों के प्रस्ताव को स्वीकृत कर शासन को भेजने का निर्णय लिया।

## खबर-खास

# अमानक खाद्य पदार्थ बेचने के 7 प्रकरणों में संस्थानों पर 42 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित

**गरियाबंद।** जिले में अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वालो पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है।अमानक एवं मिथ्याछाप खाद्य सामग्री बेचने पर 7 प्रकरणों में कुल 42 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना खाद्य विक्रेता एवं विनिर्माता पर लगाया गया है। प्रशासन द्वारा लोगों से यह भी अपील की गई है कि जिले में खाद्य गुणवत्ता से संबंधित शिकायत के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मोबाइल नंबर 9340597097 पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दे सकते है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में विगत वर्ष 2023-24 में कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले से खाद्य पदार्थो के 46 विधिक नमूना एवं 19 निगरानी नमूना कुल 65 संकलित किया था। संकलित नमूना को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिनमे से कुल 6 नमूनों को अवमानक पाया गया तथा कुल 3 नमूनों को लेबल में त्रुटी होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया था।उक्त अवमानक एवं मिथ्याद्याप पाए गए खाद्य के प्रकरणों में नियमानुसार जांच पूर्ण कर अपर कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया।अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी अरविंद पाण्डेय द्वारा अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 7 प्रकरणों में आदेश पारित किए गए है।जिनमे कुल 42 लाख 10 हज़ार रुपये की शास्ती अधिरोपित की गई है।इन 7 प्रकरणों में जिले में संचालित खाद्य बिक्री संस्थान एवं जिले के बाहर के विनिर्माता भी शामिल है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गरियाबंद तरुण बिरला ने बताया कि साईं गंगा बेवरेजेज पेंड्रा,ब्लाक फिंगेश्वर का उत्पाद प्रांजल एक्वा पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर अवमानक पाए जाने पर 1 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।इसी प्रकार आनंद स्वीट्स छुरा का गुलाब जामुन अवमानक पाए जाने पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।राज रेस्टोरेंट गरियाबंद का चिकन बिरयानी अवमानक पाए जाने पर 70 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# माओवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नहीं मनाएंगे अपना जन्मदिन

**कवर्धा (समय दर्शन)।** बस्तर के बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में एक दुखद घटना में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में एसटीएफ के 2 जवान भारत साहू व सतेर सिंह शहीद हो गए और 4 जवान घायल हो गए। इस हृदय विदारक घटना ने पूरे राज्य को स्तब्ध कर दिया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस दर्दनाक घटना से आहत होकर अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है। उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भी अपील की है कि आज जब उनके भाई शहीद हुए है तब उनका मन आहत व व्यथित है वे उनका जन्मदिन न मनाए और इस कठिन समय में शहीद जवानों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करें।

श्री शर्मा ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और समाज और सरकार उनके अमर बलिदान को स्मरणित रखेगी! उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शहीद जवानों की आत्मा को शांति मिले और घायल जवान जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।



उन्होंने कहा कि इस दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण घटना हमें यह सोचने पर विवश कर दिया है कि बस्तर की सेवा के लिए हमारे जवान कितने कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और उन्हें हर संभव सहायता और साथ देने का वचन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माओवादियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और तेज करेगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

श्री शर्मा ने कहा कि शहीद जवानों के परिवारों के साथ पूरा प्रदेश खड़ा है। उन्होंने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान देश के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है और हमें उनकी वीरता पर गर्व है। श्री शर्मा का जन्मदिन न मनाने का फैसला उनके गहरे मानवीय संवेदनाओं और देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों की शहादत हमें हमेशा याद रखना चाहिए और उनके सम्मान में हमें एकजुट रहकर देश की सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहना है। श्री शर्मा के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला जन्मदिन था। श्री शर्मा और उनके समर्थक काफी उत्साहित थे और इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां भी की जा रही थीं। कवर्धा सहित पूरे राज्य के विभिन्न स्थानों में जन्मदिन मनाने की तैयारियां चल रही थीं, उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के अपना जन्मदिन नही मनाने के निर्णय के बाद तैयारियों को अचानक रोक दिया गया है।

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज उर्वरक का करें वितरण – कलेक्टर अग्रवाल

### कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कृषि, बैंक, एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली।उन्होंने चालू खरीफ सीजन में जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज एवं उर्वरक के भण्डारण तथा वितरण की समितिवार जानकारी ली। कलेक्टर ने समितियों के लक्ष्य अनुसार भण्डारण एवं वितरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।साथ ही ग्रामीणों तक पर्याप्त मात्रा में इसकी पहुंच की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिये।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कम भण्डारण एवं वितरण वाले समितियों के प्रबंधकों पर नाराजगी जताते हुए तेजी से खाद,बीज का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।साथ ही जिले के विभागीय अधिकारियों को समितियों का निरीक्षण करने एवं किसानों से चर्चा कर खाद,बीज की मांग सहित वितरण की भी जानकारी लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कैम्प लगाकर केसीसी कार्ड बनाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों का शत प्रतिशत केसीसी कार्ड बनाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उप संचालक कृषि चंदन रॉय,डीएमओ अमित चन्द्राकर,सहायक पंजीयक सहकारिता उषा ध्रुव सहित जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक,समिति प्रबंधक एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों का ई-केवायसी के साथ भू-सीडिंग एवं आधार-सीडिंग के कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए किसान हित में गंभीरता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत पंजीयन की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इस योजना अंतर्गत पंजीकृत कर उन्हें लाभ दिलाने के निर्देश दिये। साथ ही फसल क्षति के दौरान फसल बीमा योजना से मिलने वाली सहायता के बारे में अधिक से अधिक ऋणी एवं अऋणी किसानों को सक्रिय होकर जागरूक करने के भी निर्देश दिये।

# भोरमदेव शक्कर कारख़ाना प्रबंधन और सरकार के खिलाफ़ युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोला




### युवा कांग्रेस ने किसानों के साथ मिलकर किया प्रदर्शन।

**कवर्धा (समय दर्शन)।** भारतीय युवा कांग्रेस कवर्धा ने सहकारी शक्कर कारखाना के जीएम अंकित मरकाम को सुविधा एवं निर्माण कार्य सहित अन्य सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा। युवा कांग्रेस ने बंद राशि लिफ़ाफ़ा और मार्केट का महँगा शक्कर पैकेट लेकर प्रबंधन को भेंट कर सैकडो की संख्या में युवा कांग्रेस वि.सभा अध्यक्ष वाल्मीकि वर्मा के नेतृत्व अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।

किसानों के मुद्दों को लेकर भोरमदेव शक्कर कारख़ाना प्रबंधन व शासन के खिलाफ़ युवा कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। उक्त विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा बताया कि किसानों की गन्ने की बिक्री की मूल राशि अथवा रिकवरी राशि और शेयरधारी किसानों को इस बड़ती महंगाई के बावजूद उनके हक का शक्कर बोरी प्रदान ना किए जाने के विरोध में किया गया है जिसमें युवा कांग्रेस द्वारा प्रबंधन को बंद लिफ़ाफ़ा (राशि) डालकर और बाज़ार का महँगा शक्कर का पेकेट विरोध स्वरूप भेट किया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर में किसानो एवं कर्मचारी हित में निर्माण कार्य एवं सुविधा के लिए कारखाना में पानी टंकी, किसान प्रतीक्षालय, बैठने हेतु चबूतरा, नहाने के लिए स्नानागार हो, किसानों के मदद हेतु हेल्पडेस्क, आनलाइन वेबसाइट के माध्यम से सर्वे पर्ची की जानकारी हिंदी जारी करने, किसानों के लिए उच्चतम एवं उन्नत किस्म की गन्ना रोपण कर कम दर में प्रदान एव मृदा परीक्षण केंद्र प्रारंभ सहित किसानों और कर्मचारियों के हित में विभिन्न निर्माण कार्य सुविधा प्रदान किया जाए।भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में शेयर प्रक्रिया में परिवर्तन कर शेयर स्थानांतरण की मांगें शामिल हैं।

उक्त ज्ञापन में कारख़ाना प्रबंधन को शक्कर का पैकेट व् राशि लिफ़ाफ़ा भेट कर प्रदर्शन के वक्त आनंद सिंह ठाकुर ने कहा की कारख़ाना प्रबंधन क्षेत्रीय किसानों को उनका हक़ नहीं दे रही उनके हक़ गन्ने की बिक्री की करोड़ों की राशि अथवा रिकवरी राशि साथ ही कारख़ाने से उन्हें इस बढ़ती महंगाई में शक्कर प्रदान नहीं किया जा रहा इसलिए हम यह प्रदर्शन कर इसके विरोध में कारख़ाना प्रबंधन को ये राशि लिफ़ाफ़ा और मार्केट का महँगा शक्कर उन्हें भेट किए है ताकि उन्हें कुछ तो सर्म आये और प्रदेश शासन सहित कारख़ाना प्रबंधन अपनी नींद लापरवाही व किसानो के प्रति उदासीनता से जागे।

**भोरमदेव कारखाना में हो रहा है भ्रष्टाचार का खेल :** युवा कांग्रेस वि.सभा समन्वयक अश्वनी वर्मा ने बताया भोरमदेव शक्कर कारख़ाने में व्याप्त भ्रष्टाचार अनीमितता कारखाना प्रबंधक की मनमानी अपने चाहते को काम देना मेंटेनेंस व् अन्य कार्यों में समान ख़रीदी बिक्री में भ्रष्टाचार सहित किसानों के सुविधाओं से संबंधित माँग शामिल था वही युवा कांग्रेसी ने प्रबंधन पर आरोप लगाया है वे बहुत से किसानों के बच्चों को राजनीति के तहत व अपने पसन्द के लोगो को काम में लगाकर कई लोगो को बाहर निकाला है जो ग़लत है वही अन्य मुख्य विषयों पर जाँच की माँग भी रखी है !मांग पूरी ना होने पर कारख़ाने का जल्द ही उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# रिमझिम बारिश में कलेक्टर – एसपी ने चिंगरापगार जलप्रपात स्थल का किया औचक निरीक्षण

### पर्यटन स्थल को प्राकृतिक रूप में रखने, दूषित नहीं करने एवं साफ सफाई बनाए रखने के दिए निर्देश




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** प्राकृतिक और वनांचल क्षेत्रों से आच्छादित गरियाबंद जिले के राजिम गरियाबंद मार्ग में स्थित बारूका गांव में चिंगरापगार जलप्रपात पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है।जलप्रपात स्थल को पर्यटकों के सुविधा के लिए व्यवस्थित करने,आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने तथा प्राकृतिक स्थल में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने आज चिंगरा पगार जलप्रपात स्थल का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने रिमझिम बारिश के बीच वहां आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यटकों की सुविधाओं का जायजा लिया।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पर्यटन स्थल को प्राकृतिक रूप में रखने,दूषित नहीं करने एवं साफसफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने बारिश के मौसम में जलप्रपात स्थल में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही पर्यटकों के गाड़ियों के लिए व्यवस्थित पार्किंग,चेंजिंग रूम,नदी के दोनो किनारे रस्सी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटकों से अधिक जल भराव की स्थिति एवं पत्थरों से सावधानी बरतने की भी अपील की। इस दौरान वन मंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह,अतरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा,डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा एसडीओ मनोज चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**पर्यटन स्थल में नशीली चीजों से रहे दूर, जलप्रपात में फिसलन भरी चट्टानों से रहे सतर्क** – इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने चिंगरापगार जलप्रपात में विहंगम दृश्य से परिपूर्ण प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने के अलावा सावधानी भी बरतने की अपील की।उन्होंने कहा कि चिंगरापगार पर्यटन स्थल सार्वजनिक जगह है। यहां पर नशीली चीजों को ना ले जाए। साथ ही नशीली पदार्थ का सेवन ना करे।इसके अलावा कलेक्टर ने बारिश के मौसम में जलप्रपात स्थल में फिसलन भरी चट्टानों से भी सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण पत्थरों में शैवाल उग आते है, जिसके कारण पत्थर में फिसलन आ जाती है। पत्थर पर चलने से फिसल कर गिरने का खतरा बना रहता है। इसलिए सावधानी और सतर्क होकर जलप्रपात स्थल पर जाएं।

**जलप्रपात स्थल को स्वच्छ रखने में निभाएं भागीदारी** – स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्राकृतिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों को सुरक्षित एवं स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रकृति द्वारा दिए गए चीजों का सदुपयोग करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने, उन्हें प्राकृतिक रूप से संरक्षित रखने और पर्यावरण जागरूकता में भागीदारी निभाने की अपील लोगों से की।इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जलप्रपात स्थल में पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।साथ ही पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने से संबंधित सूचना बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) दुर्ग जिला दुर्ग

//उद्घोषणा //

**प.नं. 202407100400213/अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भावना चौहान आ0/पति अजीत सिंह चौहान निवासी नेहरू नगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोड प0ह0नं0 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 48/10, 48/163 रकबा 0.0075, 0.0075 हे0 1800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ0ग0भू0रा0सं0 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**दुर्ग, जिला दुर्ग**

## //न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.//

**रा0प्र0क्रमांक 202407100900080**
**अ-6-अ वर्ष 2023-24**

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम देमार प.ह.नं. 33 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक शशांक पिता शरदचंद्र निवासी रायपुर द्वारा ग्राम देमार प.ह. न. 33 तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नंबर 766 रकबा 0.27 हे0 का त्रुटिवश रकबा 0.24 हे0 दर्ज होने से रकबा त्रुटि सुधार किये जाने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक शशांक पिता शरदचंद्र निवासी रायपुर द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 31.07.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.07.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार पाटन,**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

## //न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.//

**रा0प्र0 क्रमांक 202407100900081**
**अ-6-अ वर्ष 2023-24**

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम केसरा प.ह.नं. 55 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक पंचू राम पिता रतनू निवासी ग्राम केसरा तहसील पाटन द्वारा ग्राम केसरा पह.नं. 55 तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नंबर 1717 रकबा 0.03 हे0 के ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में नाम दर्ज नही होने से आनलाईन रिकार्ड दुरुस्त किये जाने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक पंचू राम पिता रतनू निवासी ग्राम केसरा तहसील पाटन द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरुस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.08.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.07.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार पाटन,**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

## ।। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला- कबीरधाम ।।

// ईश्तहार //

अ/2, वर्ष 2023-24
ई. कोर्ट नंबर............................
क्र./2538/अ.वि.व./प्रवा-2/2024
कवर्धा, दिनांक 16.07.2024

एत्द द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण भोजूराम पिता सहेतर निवास का पता- ग्राम जैतपुरी तहसील- पिपरिया जिला- कबीरधाम, छत्तीसगढ़ के अपने निजी स्वामित्व की ग्राम जैतपुरी प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. मरका तहसील- पिपरिया स्थित भूमि खसरा नंबर 109/2, रकबा 0.202 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (गुड़ उद्योग) व्यपवर्तन किए जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अत: आवेदित भूमि का व्यपवर्तन किए जाने से जिन किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 29.07.2024 को समय 5:30 बजे तक स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते है। पश्चात के दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 15.07.2024
पेशी दिनांक 29.07.2024

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**कवर्धा**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
## जोन क्रमांक 07
## निविदा आमंत्रण सूचना
## प्रथम निविदा

क्रमांक 13 जोन क. 07/ न.पा.नि/2024 — रायपुर दिनांक 18/07/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग, श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एकीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर शासन द्वारा निर्धारित पी.एफ 13.00 प्रतिशत एवं ई.एस.आई.सी. 3.25 प्रतिशत जोडकर दरें निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पध्दति पर लिफाफा 'अ' में अमानती राशि तथा लिफाफा 'ब' में सीलबंद निविदाएं नियमानुसार पृथक पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से सीलबंद निविदाएं जोन कमिश्नर जोन क.07 नगर पालिक निगम रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी. आर.आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से मान्य होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि — दिनांक 08/08/2024 संध्या 5.30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि — दिनांक 12/08/2024 संध्या 5.00 बजे तक ।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि — दिनांक 12/08/2024 संध्या 5.30 बजे तक।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र.07 अंतर्गत श. चुडामणी नायक वार्ड क्र.38 स्थित कारी तालाब की सुरक्षा 1 व्यवस्था हेतु अतिरिक्त 02 अकुशल श्रमिक सुरक्षा गार्ड कलेक्टर दर पर रखे जाने का कार्य। | **B** | 305000 | 3100 | 750 | लो.नि.वि. में एकल पध्दती से 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म | 12 माह |

**नियम एवं शर्ते** :- (भाग 1) 01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। प्रथम लिफाफा में राष्ट्रियकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर. शपथ पत्र/एवं समस्त दस्तावेज, दूसरे लिफाफे में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर बोनो लिफाफो को तीसरे लिफाफे में सील बंद कर निविदा रजिस्टण्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। 04 **GST** 05. **GST RI. last** 3**month** 6. **ITR last** 3 **years** 7. **Bank Solvency Certificate** 08. **Pan card** संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

**नियम एवं शर्ते** :- (भाग 2)
1 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु **GST Reg**. तिथि के अनुसार **GST Return last Month** का देना होगा ।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार **IT.R**. एक साल का मान्य होगा ।
3 निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी ।

*घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## संक्षिप्त-खबर

### सहकारी समिति कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ सहकारी कर्मचारी महासंघ के पंजीयन क्रमांक 6685 के संबंध में 18 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। छत्तीसगढ़ सहकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा दो सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल पर है।जिसमे पहली मांग अन्याय पूर्ण निलंबन वापस ले और दूसरी मांग केंद्र सरकार के गाइडलाइन के अनुसार समिति को धान का सूखत प्रदान किया जाए।

### ग्राम बिलखंड का ट्रांसफार्मर खराब,बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण



**बसना ( समय दर्शन )।** ग्राम बिलखंड का ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते ग्रामीण बिजली की समस्या कारण लो वोल्टेज,बिजली की आंख मिचौनी से परेशान होकर बिजली विभाग के अधिकारी,कर्मचारी को कई मर्तबा मौखिक शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं होने से तंग आकर कनिष्ठ अभियंता एवं विधायक को लिखित शिकायत की गयी है। गौरतलब हो कि,बसना ब्लाक के अंतिम छोर वनांचल में बसा ग्राम बिलखंड का ट्रांसफार्मर महिनों से खराब है। जिसके चलते लो वोल्टेज एवं बिजली की आंखमिचौनी से ग्रामीण तंग हो गये हैं । लो वोल्टेज के चलते घरेलू उपकरण चलाने में असुविधा हो रहा है। जिसकी सूचना उपमुख्य अभियंता पिरदा के जी आई दुलेश्वर कुमार दिवान एवं मुख्य अभियंता भंवरपुर और सरायपाली विधायक चातुरी नंद को आवेदन दिया जा चुका है । पिरदा के अधिकारी कर्मचारी किसी की नही सुनते । आवेदन देने के सप्ताह भर बाद भी ट्रांसफार्मर बदलने की दिशा मे बिजली विभाग द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया गया है । ग्रामीणों का कहना है कि, बिलखंड में कुल 164 ( एक सौ चौंसठ) घरेलू कनेक्शन है जिसमें 63 का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। 63 को बढ़ाकर 100 का ट्रांसफार्मर लगाया जाय या फिर एक और ट्रांसफार्मर लागाया जाय, ताकि वोल्टेज में सुधार हो सके। पर बिजली आस पर कुछ भी संज्ञान नहीं ले रहा है।बिजली विभाग के अधिकारी अनदेखी से परेशान होकर ग्रामीण अब कलेक्टर एवं विभागीय मंत्री से अपनी समस्या के समाधान हेतू मिलने बात कर रहें ।

### केबल व्यवसाय अशोक अग्रवाल के गुर्गों ने मीडिया कर्मियों से की बदसलूकी

**रायपुर ( समय दर्शन )।** केबल नेटवर्किंग का व्यवसाय करने वाले अशोक अग्रवाल व उनके बेटे अभिषेक अग्रवाल, संजय खन्ना समेत 9 डायरेक्टरों के खिलाफ प्रार्थी डायरेक्टर ने 10 जून 2020 को रायपुर के देवेन्द्र नगर थाने में 68 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धारा 409, 420, 120 – बी, 34 के तहत मामला दर्ज किया था। वहीं शिकायत के बाद आरोपियों को कई बार पेशी के लिए रायपुर कोर्ट भी तलब किया गया, इसी कड़ी में गुरुवार 18 जुलाई 2024 को अशोक अग्रवाल, दुलाल बैनर्जी, संजय खन्ना और सुधीर सरीन की पेशी रायपुर कोर्ट में की गई। जहां न्यायालय में शोकाकुल का माहौल होने की वजह से आरोपियों को सुनवाई के लिए अगली तारीख दे दी गई। वहीँ पेशी के दौरान कवर करने गए मीडिया कर्मियों से अशोक अग्रवाल के गुर्गों ने बदसलूकी की और डरा धमकाकर कैमरा छिनने की भी कोशिश की। वहीं पत्रकारों ने बदसलूकी की शिकायत सिविल लाइन थाने में एडिशनल एसपी लखन पटले से की, साथ ही कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

बताया जाता है कि 68 करोड़ से अधिक के घोटाले का मामला है, इसमें हैथवे सी. सी. एन मल्टीनेट प्राईवेट लिमिडेट के डायरेक्टर बिलासपुर निवासी अशोक अग्रवाल, पुत्र अभिषेक अग्रवाल, संजय खन्ना, दुलाल बैनर्जी, मयुर गोविंद भाई कनानी, सुधीर सरीन, सुनील सेठी, राजेश कुमार मितल ने मिलकर कंपनी को वर्ष 2010 से 2020 तक 68 करोड़ 30 लाख का चूना लगाया था।

# राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के निर्देशक ने किया दुर्ग जिले मे चल रहे कार्यो की सराहना की



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साझा सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यो के अवलोकन और समीक्षा करने हेतु केंद्र से तीन सदस्यीय टीम जिसमें वाई के सिंह डायरेक्ट राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, मनीष जी एम आई एस विशेषग्य, एस परमेश्वरन सलाहकार आए और इनके द्वारा दुर्ग जिले के कुछ गाव का चयन कर क्षेत्र भ्रमण किया।

टीम के द्वारा ग्राम पंचायत सगनी विकास खंड धमधा मे भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पानी टंकी का निरीक्षण किया गया। गाव मे लगाए गए पाइपलाइन का निरीक्षण किया गया। ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्यों से कार्यक्रम के विषय मे विस्तार पूर्वक बातचीत की गई। ग्राम मे कार्य कर रहे क्रियान्वयन सपोर्ट एजेंसी संगता सहभागी समाज सेवी संगठन के कार्यकर्ता बेबी साहू के द्वारा ग्राम मे किए जा रहे कार्यो की जानकारी प्रदान की गई। ग्राम मे चयनित और प्रशिक्षण प्राप्त जल बहिनों के द्वारा जल प्रशिक्षण के विषय मे बताया गया। केंद्रीय टीम के द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों को नल जल योजना का उद्देश्य, ग्राम जल स्वच्छता समिति के दायित्व के विषय मे बताया गया और जल से होने वाली बीमारियों के बारे मे जानकारी दी गई। जल को उबालकर पीने हेतु कहा गया।वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया ।जल संरक्षण, जल बचाओ, जल के महत्व की जनकारी दिया गया।

उपस्थित ग्राम वासियों ने भी इस परियोजना के लाभ प्राप्त होने के बात केंदीय टीम के सदस्यों को बताई। जिससे केंद्रीय टीम के द्वारा विभाग के अधिकारियों और ग्राम मे कार्य कर रहे क्रियान्वयन सपोर्ट एजेंसी के प्रयासों की सराहना की गई।

भ्रमण के दौरान जिला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से उत्कर्ष पांडे ई ई , एम ए खान , विशाल गेडाम, कल्पना पोयम, जिला समन्वयक भावेश बावनकर और संस्था की ओर से राजेश मिश्रा उपस्थित थे।

# बोलबम कांवरियां संघ का गठन तीसरी बार अध्यक्ष बने आकाश



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा के आस्था की नगरी पिथौरा मे आध्यात्मिक सेवा संस्था बोलबम कांवरियां संघ का गठन किया गया । तीसरी बार अध्यक्ष बने आकाश अग्रवाल ।

बोल बम कांवरिया संघ पिथौरा द्वारा संघ के पदाधिकारी नियुक्ति और रूपरेखा तैयार करने स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक रखी गई । आगामी 29 जुलाई को अग्रसेन भवन पिथौरा में एकत्रीकरण , 30 जुलाई देवधारा से जल लेकर पिथौरा वापसी उसके बाद कांवड़ यात्रियों का नगर भ्रमण कर रैली एवं अग्रसेन भवन रात्रि विश्राम 31 जुलाई को पिथौरा से पटेवा के लिए रवाना पटेवा में रात्रि विश्राम, 1 अगस्त पटेवा से सिरपुर के लिए प्रस्थान सिरपुर में रात्रि विश्राम, 2 अगस्त को सिरपुर गंधेश्वर महादेव मंदिर मे जल अर्पण कर पिथौरा वापसी का निर्णय लिया गया। बोल बम कांवरिया संघ के पदाधिकारीयों का नियुक्ति किया गया। जिसमें लगातार तीसरी बार समाजसेवी आकाश अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

वहीं संरक्षक श्रीमती रूपकुमारी चौधरी,डॉ संपत अग्रवाल,शंकर अग्रवाल,आत्माराम यादव,प्रेम सिन्हा,अनंत सिंह वर्मा,प्रेमशंकर पटेल,किरण अग्रवाल,हरजिंदर सिंह पप्पू,नरेंद्र सेन,विक्की सलूजा,विक्की सिन्हा,कांशीराम शर्मा,बबलू सोनी उपाध्यक्ष निलेश ठक्कर,सन्नी रोहिल्ला, अनिमेष डे, ओम सिन्हा, अभिनव मिश्रा, दुर्गेश सिन्हा, सचिव राजेश गोयल, गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा, संजय सिंह, इंद्रजीत सिन्हा, सहसचिव पोलेश मिश्रा,दीपक सिन्हा,दिनेश सिन्हा,मोहन डडसेना, राकेश गुप्ता, रैली प्रभारी देव सिन्हा, रैली प्रभारी देव पटेल, तुषार बंसल, कोमल चौबे, अंशुल तिवारी, मिंकू आजमानी, अनमोल चांवला, मोनू सलूजा, बिमलेश चौरसिया, मिडिया प्रभारी राजा शुक्ला, गौरव चंद्राकर, रमेश श्रीवास्तव, सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडे, प्रतीक बॉस, कार्यकारिणी सदस्य कोमल महांति, गोपाल पांडे, मोहन सिन्हा, सतीश दास, नरेश पटेल, जयंत पंडा, दिलीप ठाकुर, महेंद्र साहू, टिकेश्वर सिन्हा, लालेश्वर निषाद को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया ।

# हर गरीब के सुख-दुख के साथी बने मजदूर कल्याण समिति - कमल वर्मा



**पाटन ( समय दर्शन )।** मजदूर कल्याण समिति द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मलेन एवं आमसभा के कार्यक्रम मे मुख्य अथिति के रूप मे राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी फेडरेसन के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा जी उपस्थित हुए, जिनके समक्ष समिति के द्वारा विभिन्न प्रकार के मांगो को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा मांगपत्र का वाचन किया गया, जिस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कमल वर्मा ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए समिति के मांगो को शासन प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखने एवं कार्यों के क्रियान्वयन के लिए समिति एवं उपस्थित जनमानस को आस्वस्त किया इस दौरान श्री कमल वर्मा ने अपने उद्धबोधन मे कहा की मजदूर कल्याण समिति के सारे साथी एकजुटता एवं एकरूपता का परिचय देते हुए क्षेत्र के हर गरीब का आवाज बने और सबके सुख दु:ख को अपना मानते हुए सहयोग की भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहे यही शुभकामनायें है, मै सदैव यथासंभव आप सबके जो भी आदेश निर्देश रहेगा उसको पूर्ण करने के लिए सतत प्रयासरत रहूंगा, आप सबने मुझे जो इस गौरवमयी कार्यक्रम मे बतौर अथिति के रूप मे आमंत्रित किया उसके लिए मै समिति के समस्त पदाधिकारीयों एवं सदस्यगणो को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। श्रम विभाग के माध्यम से शिविर लगाकर आप सबके समस्याओ का निराकरण करने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर श्रमिक शिविर का आयोजन भी कराएंगे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कमल वर्मा के साथ बाबा वर्मा , टिकेंद्र वर्मा शिक्षक , ललित् कुमार बिजौरा शिक्षक , प्रदीप चंद्राकर , जगदीश सपहा, मोहन यदु , संतोष यदु , राजीव देशमुख , गौतम बघेल , तुलसी राम सिन्हा, मनोज कुमार , कृष्ण कुमार , धर्मेंद्र , रामकिशन निर्मलक , अनिल ठाकुर , कार्तिक यादव , गोवर्धन निर्मलकर, महिला शक्ति मीना साहू , सुशीला सेन , त्रिवेणी वर्मा , सुरज बाई , दुलारी सपहा,कामेश्वरी सेन साथ ही मजदूर कल्याण समिति के सदस्य अध्यक्ष. चेतन लाल साहू ।उपाध्यक्ष.संतोष वर्मा । सचिव.तुकाराम साहू ।कोषाध्यक्ष नरहरलाल साहू एवम विनोद बाग सुरेन्द्र वर्मा चेतन साहू दामोदर ठाकुर मजदूर कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे..

# संयुक्त किसान मोर्चा ने विभिन्न मांगो को लेकर की आंदोलन की घोषणा

- सांसद विजय बघेल को सौपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) छत्तीसगढ़ ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर एक बार फिर से आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (मज़दूर कार्यकर्ता समिति) के कलादास ढहरिया ने बताया कि 10 जुलाई 2024 को नई दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति की बैठक हुई जिसमे 17 राज्यों के किसान संगठनों ने सरकार से अपने मांग पत्र के जरिए कुछ तात्कालिक और कुछ नीतिगत मांगें की हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर आज हमने दुर्ग सांसद विजय बघेल के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है द्य

**ग्रामीण लोकसभा सीटों पर एन.डी.ए. को करना पड़ा हार का सामना-** संयुक्त किसान मोर्चा (छत्तीसगढ़) से रमाकांत बंजारे ने बताया कि केंद्र सरकार को यह समझना चाहिए कि सत्तारूढ़ गठबंधन को पांच राज्यों में 38 ग्रामीण लोक सभा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है जहां किसान आंदोलन मजबूत था। पूरे ग्रामीण भारत में सत्तारूढ़ गठबंधन ने 159 सीटें खो दी हैं। यह लंबे चले आ रहे कृषि संकट का परिणाम है और यह भविष्य में कृषि नीतियों में बड़े बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

**संयुक्त किसान मोर्चा अपनी मांगो को लेकर पूरे देश में प्रदर्शन करेगा-** ज़िला किसान संघ (दुर्ग -बेमेतरा) के महेश साहू ने बताया कि हम रायपुर में भी संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 09 अगस्त को अपनी मांगो को लेकर भारत छोड़ो दिवस पर कॉर्पोरेट भारत छोड़ो दिवस के तौर पर मनाएंगे।

संदीप पटेल ने एनडीए-2 सरकार को संयुक्त किसान मोर्चा और केन्द्र सरकार के बीच 9 दिसंबर 2021 को हुए समझौते के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें हमारी लंबे समय से लंबित मांग जैसे कि लाभकारी और गारंटीकृत एमएसपी के साथ खरीद, व्यापक ऋण माफी, बिजली के निजीकरण को निरस्त करना आदि शामिल हैं। आज उक्त ज्ञापन के माध्यम से हमने दुर्ग जिले के नगरीय निकायों के सफाई कामगारों को नीयमित करने, एसीसी सीमेंट प्लांट (जामुल) सहित छत्तीसगढ़ के समस्त सीमेंट प्लांटों मे सीमेंट वेज बोर्ड लागू करने और गेल (इंडिया) द्वारा दुर्ग जिले के किसानो के खेतो पर बिछाई जा रही गैस पाइपलाइन परियोजना को रद्द करने की भी मांग की है

आज ज्ञापन देने कलादास ढहरिया, रमाकांत बंजारे, महेश साहू, संदीप पटेल, ओमप्रकाश यादव, धर्मेंद्र सोनी, मौजूद रहे ।

# गौरव ग्राम बुंदेली के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों मे एक पेड मां के नाम के तहत सैकड़ों वृक्षारोपण



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश भर मे एक पेड मां के नाम पर लगाने की पहल को व्यापक प्रतिसाद मिला है। मोदी जी के इस पहल से प्रेरित होकर देश मे अब तक लाखों पेड़ लगाये जा चुके हैं, और यह शिलशिला जारी रहा तो देखते ही देखते महज कुछ ही वर्ष मे भारत भूमि पुन: लहलहा उठेगी । इस तारतम्य में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के दिन से पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत पश्चात बुंदेली ग्राम मे भी सैकड़ो पौधरोपण किया जा चुका है। महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लाक अंतर्गत गौरव ग्राम बुंदेली कें सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं ग्राम के सार्वजनिक जगहों बस स्टैण्ड,थाना,स्कूल, पंचायत,बाजार एवं खेल मैदान के किनारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा बच्चों ने अपनी अपनी माता जी के सम्मान मे गौरव ग्राम बुंदेली के आंगनबाड़ी 1 ,2 ,3 ,4, 5 पांचो केंद्रों के साथ सार्वजनिक जगहों मे सैकड़ो पौधा लगाया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्रों के कार्यकर्ताओं ने लोगों से भी अपील की है कि,इस अभियान में अधिक से अधिक शामिल होकर छत्तीसगढ़ की महतारी की गोद को हरा भरा बनाने में सहयोग दें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं बिजोतिन साहू, कमलेश्वरी सिन्हा, तुलसी कुर्रे ,रामदुलारी देवदास, गीता दीवान कहना है कि,अपने-अपने घर के सामने , अपनेआंगन मे अथवा ग्राम के सार्वजनिक जगहों मे एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगायें ।

# राजस्व मंत्री के आश्वासन के बाद काम पर लौटे बसना तहसील के पटवारी



**बसना ( समय दर्शन )।** विगत 8 जुलाई से पूरे छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग के पटवारी अपनी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हडताल पर जा चुके थे। विगत 10 दिनों तक जारी पटवारियों की हड़ताल आखिरकार गुरुवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात के बाद समाप्त हो गई है। आपको बताते चले कि, पटवारियों ने अपनी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल मे थे।

पटवारियों के हड़ताल की वजह से विद्यार्थियों व उनके परिजनों के साथ किसानों एवं राजस्व से जुड़े अनेक समस्याओं को लेकर जन मानस को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पटवारियों के मांगो को जायज ठहराते हुए कांग्रेस पार्टी पटवारियों के हड़ताल का समर्थन मे कर रही थी।

आज पटवारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मण्डल ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर ठोस आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल वापसी का फैसला लिया गया।

बसना पटवारी संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि,पटवारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मण्डल द्वारा राजस्व मंत्री से मुखातिब होने पश्चात जायज मांगों को लेकर शासन एवं पटवारियों के बीच सौहार्दपूर्ण चर्चा परिचर्चा के दौरान सहमति बनने पश्चात पटवारी आज से ही अपने काम पर वापस लौट गये हैं ।

**भुइंया पोर्टल में गड़बड़ी :** पटवारियों की शिकायत है कि उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान नहीं की जाती हैं। उनके अनुसार, ऑनलाइन नक्शा बटांकन में संशोधन सीधे पटवारी की आईडी से होना चाहिए, जो वर्तमान में संभव नहीं है। उन्होंने जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की मांग भी की। साथ ही, भूमि खरीद-बेच में रजिस्ट्री के साथ भुइंया पोर्टल पर अपडेट करने की आवश्यकता बताई। किसानों द्वारा बैंक में कर्ज चुका देने के बाद भी भुइंया पोर्टल में बंधक नहीं हटाने की समस्या को स्वत: समाधान करने का प्रावधान होना चाहिए।

पटवारियों के इस निर्णय से प्रदेश में प्रशासनिक कार्यों में सुधार होने की संभावना है और आम जनता को राहत मिलेगी। बसना तहसील कार्यालय परिसर धरना स्थल मे तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष सीताराम पटेल,उपाध्यक्ष सत्तूसिंह मन्नाडे, सचिव सुकरात नायक,सह सचिव विजय ठाकुर, पुनीत साहू,सुशील चौधरी, सुरेन्द्र डडसेना,रामकुमार दीवान,तेजसिंह जगत,किरण दीवान,मीरा प्रधान, वृन्दावती पटेल एवं संगठन के अनेक पटवारी इस दौरान उपस्थित थे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24